RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः 145 , बुधवार, 08 जुलाई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8

9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


एम.एस कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण, एनएसएस के 'सर्व ब्रिक्स 2026' अभियान के तहत हरित... 03


जन सहयोग शिविर में उमड़ी भीड़, नल-जल योजना की बदहाली पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश... 04

फीमेल एक्टर्स को हल्के में लिया जाता है..., कृति सेनन ने फिल्म... 07

# वायनाड में टैंकर-गाड़ियां बहा ले गई सुरंग की मिट्टी



**लैंडस्लाइड से अब तक 2 लोगों की मौत, कई लोग दबे**

**वायनाड (एजेंसी)।** केरलम के वायनाड में मंगलवार सुबह तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुआ। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, 8 लोग घायल हुए हैं। कई लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है। हादसा कल्लाडी स्थित मीनाक्षी ब्रिज के पास हुआ। यहां मलप्पुरम-वायनाड टनल प्रोजेक्ट के कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। टनल से मिट्टी निकालकर बाहर जमा की गई थी। बारिश के चलते मिट्टी खिसक गई, जिससे पेड़ उखड़ गए और बैरिकेड भी बह गए। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, इसमें दिख रहा है कि 7 जुलाई को सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर सुरंग से तेज लहर के साथ आया मलबा एक टैंकर को तिनके की तरह बहाकर ले गया। दो लोग इसके मलबे में फंसे। पुलिस, एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मलबा हटाने के लिए भारी मशीनों की जरूरत होगी। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण सोमवार से ही सुरंग कंस्ट्रक्शन का काम रोक दिया गया था। मलप्पुरम-वायनाड टनल प्रोजेक्ट के तहत मलप्पुरम को वायनाड से सुरंग (टनल) के जरिए जोड़ना है। दो साल पहले भी वायनाड में एक के बाद एक तीन भूस्खलन हुए थे, जिसमें 400 से ज्यादा जानें चली गई थीं।

**2024 में सबसे बड़ा हादसा, 400 से ज्यादा की मौत-** वायनाड में 2 साल पहले सबसे बड़ा लैंडस्लाइड हादसा हुआ था। 30 जुलाई 2024 रात करीब 2 बजे से 4 बजे के बीच मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुई।



### यह केरल का एकमात्र पठारी इलाका

वायनाड, केरल के नॉर्थ-ईस्ट में है। यह केरल का एकमात्र पठारी इलाका है। यानी मिट्टी, पत्थर और उसके ऊपर उगे पेड़-पौधों के ऊंचे-नीचे टीलों वाला इलाका। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक, केरल का 43 फीसदी इलाका लैंडस्लाइड प्रभावित है। वायनाड की 51 फीसदी जमीन पर पहाड़ी ढलाने हैं। यानी लैंडस्लाइड की संभावना बहुत ज्यादा बनी रहती है। वायनाड का पठार वेस्टर्न घाट में 700 से 2100 मीटर की ऊंचाई पर है। मानसून की अरब सागर वाली ब्रांच देश के वेस्टर्न घाट से टकराकर ऊपर उठती है।

## संक्षिप्त समाचार

- दान चोरी केस में मायावती ने चला अलग दांव

### बोलीं-सपा, कांग्रेस और एएपी सबूत दिखाएं वरना बंद करें ड्रामा

**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या के राम मंदिर में दान चोरी मामले पर बचे घमासान के बीच बीएसपी की अध्यक्ष और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बड़े स्तर पर जांच की मांग उठाई है। मायावती ने सोशल मीडिया के जरिए कहा है कि राम मंदिर और उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम मामले में मुख्य प्रबंधकों की भी सही से जांच होनी चाहिए। इसके अलावा मायावती एक बार फिर प्रदेश के विपक्षी दलों पर




बरसी हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर दान चोरी मामले में अगर सपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पास सबूत हैं तो उन्हें सार्वजनिक करें, वरना ये सब राजनीति करना बंद करें। मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा, यूपी के अयोध्या में श्री राम मंदिर के बाद अब उत्तराखंड में भी बद्रीनाथ धाम के चढ़ावे में चोरी और गबन आदि होने का मामला काफी सुर्खियों में है। इन दोनों विख्यात धार्मिक स्थलों में इनके ट्रस्ट से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की भी सही से जांच होनी चाहिए।

### तेलंगाना में पति को ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर डालकर मारा

- पत्नी नर्स, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था

**निजामाबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में एक नर्स ने प्रेमी के साथ मिलकर 35 साल के पति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, महिला ने 30 जून को पति को छत से धक्का देकर मारने की कोशिश की थी। जब वह बच गया तो अस्पताल में इलाज के दौरान



उसकी नस में लगी ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर इंजेक्ट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला 32 साल की संध्या, उसके प्रेमी अनिल और उसके दोस्त वेंकट साई को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह हत्या पहले से रची गई साजिश का हिस्सा थी, जिसकी वजह संध्या का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। यह पूरी घटना निजामाबाद जिले के मोपाल मंडल के न्यालाकल गांव की है। इसकी खबर सोमवार को सामने आई।

### बंगाल गैंगरेप मर्डर केस में तीन लोग गिरफ्तार

- बारूईपुर में जिंदा बच्ची तालाब में फेंकी थी

**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल पुलिस ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में 12 साल की लड़की के रेप और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान आनंद सरदार के तौर पर हुई है। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर उसे शहर के बाजार इलाके से पकड़ा। इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या तीन हो गई है। मामले की जांच के लिए



6 लोगों की एसआईटी बनाई गई है। मासूम 4 जुलाई को लापता हुई थी। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि मासूम सहेली के लिए गिफ्ट खरीदने निकली थी। जब बच्ची घर नहीं लौटी तो परिवार ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। बाद में रविवार को उसकी लाश सूर्यपुर हाट इलाके के तालाब में मिली थी। उसके सिर पर चोट के निशान थे। पोस्टमॉर्टम में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने रेप के बाद उसे जिंदा ही तालाब में फेंका था।

# भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा इंडोनेशिया

### ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल अस्त्र मिसाइल की भी डील

**संसद में बोले मोदी-यहां सर्वोच्च सम्मान मिलना सौभाग्य**

**जकार्ता (एजेंसी)।** भारत-इंडोनेशिया के बीच मंगलवार को जकार्ता में 20 समझौते हुए। सबसे अहम ब्रह्मोस डील रही। इसको लेकर दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से बातचीत चल रही थी। भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त यूनिट देगा। इसी के साथ फिलीपींस, वियतनाम के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस खरीदने वाला तीसरा देश बन गया है। इंडोनेशिया ने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल भारतीय अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल खरीदने का भी फैसला किया है। वहीं भारत इंडोनेशिया के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विकसित करने में भी मदद करेगा।



- **भारत और इंडोनेशिया के लिए समुद्र एक सेतु है-** हमारी राजधानियां भले ही हजारों किमी दूर हों, लेकिन समुद्र में हमारे बीच 150 किमी की ही दूरी है। दूसरे देशो में भले ही समुद्र दूरी का कारण रहा है, लिए भारत इंडोनेशिया के लिए समुद्र एक सेतु है। उन्होंने कहा कि आज भारत और इंडोनेशिया एक साथ खड़े हैं। आने वाले 25 साल हम दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं। हजारों साल तक हमारे जहाज व्यापार और संस्कृति को दूर-दूर तक लेकर गए हैं।
- **दुनिया में उथल-पुथल, हम शांति के समर्थन में-** दुनिया में मची उथल-पुथल के इस दौर में भारत का मानना है कि बातचीत और कूटनीति की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा अहम हो गई है। फिलिस्तीन के मुद्दे पर, हम टू-स्टेट सॉल्यूशन (दो-देश समाधान) और लंबे समय तक शांति का समर्थन करते हैं।

# नीट यूजी एग्जाम में बहुत बड़े बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले के बाद इस परीक्षा में रिफॉर्म करने में जुटी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अगले साल यानी 2027 में होने वाली नीट यूजी परीक्षा



को लेकर कुछ बड़े बदलाव किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2027 में होने वाली नीट यूजी परीक्षा 5-6 दिन में आयोजित होगी। साथ ही एनटीए एग्जाम सेंटर्स में भी कमी करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नीट यूजी 2027 एग्जाम पहली बार कंप्यूटर-बेस्ड टेस्ट आधारित होगा जो कि 500 शहरों में करीब 1000 सेंटर्स पर होगा। अभी तक यह परीक्षा 1 ही दिन लगभग 5 हजार सेंटर्स पर आयोजित होती थी।

### एनटीए में भी होंगे बदलाव!

एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि एनटीए के पूरे ऑर्गनाइजेशन को ऊपर से लेकर नीचे तक बदलने की तैयारी है। एजेंसी में यह काम इसी साल अक्टूबर से पहले पूरा किए जाने की उम्मीद है। एनटीए में लगभग 150 पोस्ट पर उम्मीदवारों का चयन होना है। बता दें कि एनटीए में और नीट यूजी एग्जाम में यह बदलाव इस साल की नीट यूजी परीक्षा के लीक होने के बाद किए जा रहे हैं। पेपर लीक की घटना को लेकर शिक्षा मंत्रालय ने ये प्रस्ताव दिए हैं। 03 मई को आयोजित हुई परीक्षा पेपर लीक की वजह से रद्द कर दी गई थी जिसको लेकर देशभर में युवाओं के अंदर आक्रोश है।

### हर दिन 5 लाख कैंडीडेट्स हो परीक्षा में शामिल

रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि एनटीए 2027 से नीट यूजी परीक्षा को 5-6 दिन में आयोजित कराएगी और जिन सेंटर्स पर यह परीक्षा होगी उनमें मुख्य रूप से केंद्रीय विद्यालय जैसे सरकारी इंस्टीट्यूशन्स शामिल होंगे। हर दिन लगभग 5 लाख उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एजेंसी बहुत जल्द इन बदलावों को लागू कर सकती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट के अलावा अन्य दूसरे हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम कंडक्ट कराती है। सूत्रों ने बताया है कि अगले साल के नीट यूजी एग्जाम की प्लानिंग के मुताबिक, अधिकतर परीक्षा केंद्र केवी और नवोदय विद्यालय जैसे सरकारी स्कूल होंगे। एजेंसी की ओर से कुछ जाने-माने प्राइवेट संस्थानों को ही सेंटर बनाया जाएगा। एनटीए में प्रस्तावित बदलाव पूरा होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग, टेस्ट शहरों की लिस्ट और दूसरी डिटेल्स के साथ एक डिटेल्ड नोटिफिकेशन जारी होने की उम्मीद है। यह जो बदलाव किए जा रहे हैं यह के राधाकृष्णन की अगुवाई वाली कमेटी की सिफारिशों पर आधारित हैं।

- केतन अग्रवाल मर्डर केस में सनसनीखेज खुलासा

# सिया ने प्रेमी चेतन से पहले ही कर ली थी चुपके से शादी



**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के चर्चित केतन अग्रवाल मर्डर केस में अब तक सबसे बड़ा खुलासा सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार केतन की मंगेतर सिया गोयल ने चार महीने पहले ही बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी से शादी कर ली थी। केतन की हत्या के आरोप में सिया और चेतन चौधरी जहां जेल में बंद हैं तो वहीं दूसरी ओर पुलिस अब और कड़ियां जोड़ने में जुटी है, ताकि इस मामले को और पुख्ता किया जा सके। पुलिस सिया गोयल के दो कॉलेज दोस्तों से पूछताछ कर रही है।

**केतन अग्रवाल केस में नया ट्विस्ट-** पुलिस सूत्रों के अनुसार इन दोस्तों ने कथित तौर पर मैरिज रजिस्ट्री के लिए गवाह के तौर पर दस्तखत किए थे। सूत्रों का कहना है कि पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल से सगाई के बाद सिया गोयल ने अपने बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी से चुपके से शादी कर ली थी। 20 साल की सिया गोयल और 25 साल की अग्रवाल की शादी नवंबर में तय हुई थी। 18 जून को पुणे के लोहागढ़ किले से गिरने के कारण केतन अग्रवाल की मौत हो गई थी।

## खामेनेई की अंतिम यात्रा शियाओं के धार्मिक शहर कोम पहुंची

- लगातार दूसरे दिन लाखों लोग सड़कों पर मौजूद

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा मंगलवार को शियाओं के प्रमुख धार्मिक शहर कोम में निकाली जा रही है। तेहरान के बाद यहां भी लगातार दूसरे दिन लाखों लोग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे हैं। खामेनेई और उनके परिवार के दिवंगत सदस्यों के ताबूत जमकरान मस्जिद लाए गए, जहां आयतुल्ला जवादी अमोली ने जनाजे की नमाज अदा कराई। मस्जिद परिसर और आसपास की सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। ड्रोन फुटेज में पूरा इलाका लोगों से खचाखच भरा दिखाई दिया। कोम शिया मुसलमानों का प्रमुख धार्मिक केंद्र है।



## डीएमके में आ जाओ 100 करोड़ ले जाओ

### टीवीके विधायक का दावा, मना करने पर मिली जान से मारने की धमकी

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में सियासी घमासान के बीच टीवीके विधायक जी. सरवनन ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके में शामिल होने के लिए उन्हें करोड़ों रुपये का लालच दिया गया और इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, तमिलनाडु के श्रीवैकुंटम विधानसभा क्षेत्र से टीवीके विधायक जी. सरवनन ने आरोप लगाया है कि उन्हें डीएमके में शामिल होने के लिए 30 करोड़, 50 करोड़ और यहां तक कि 100 करोड़ रुपये तक का प्रस्ताव दिया गया। टीवीके विधायक जी. सरवनन ने दावा किया, कई लोग सीधे मेरे पास आए और कहा कि हम आपको 30 करोड़, 50 करोड़, यहां तक कि 100 करोड़ रुपये तक देंगे। बस आप डीएमके में शामिल हो जाइए। लेकिन जब मैंने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया, तो उन्होंने मुझे परेशान करना शुरू कर दिया और खुलेआम जान से मारने की धमकियां दीं। उन्होंने कहा कि अगर मैंने उनकी बात नहीं मानी तो मुझे खत्म कर दिया जाएगा।

**अहमदाबाद ब्लास्ट केस**

# 38 दोषियों की फांसी बरकरार

- गुजरात हाईकोर्ट का फैसला, 11 को उम्रकैद, 18 साल पहले 70 मिनट में 21 धमाके हुए थे



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2008 के अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।

निचली अदालत ने फरवरी 2022 में 38 दोषियों को फांसी और 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दोषियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। आज जस्टिस एवाई कोगजे और समीर दवे की बेंच ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर सभी अपीलों को खारिज कर दिया।

कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े लोगों की सजा को सही ठहराया। कोर्ट ने सरकार को 56 मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रुपए और 200 से ज्यादा घायलों को 1-1 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि मुआवजा राशि का भुगतान 30 मार्च 2027 तक कर दिया जाए।



### 2009 में ट्रायल की शुरुआत लॉकडाउन में भी सुनवाई

धमाकों के बाद पुलिस ने अहमदाबाद की सभी ब्लास्ट साइट्स और सूरत में मिले बमों के मामलों में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कीं। बाद में करीब 35 मामलों को मिलाकर एक बड़ा केस बनाया गया। सभी मामलों को एक साथ जोड़ने के बाद 2009 में इस केस का ट्रायल शुरू हुआ। जांच और अदालत की सुनवाई 12 साल तक चली। करीब 80 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चला। कोरोना के समय भी सुनवाई बंद नहीं हुई। प्रॉसीक्यूशन ने जज एआर पटेल की अदालत में 1,100 से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज कराए।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में 2 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, अभियुक्तों की निशानदेही पर हथियार बरामद

**हाजीपुर**। वैशाली में बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई काजीपुर थाना क्षेत्र में की गई, जहां से अपराधियों के पास से देसी कारबाइन और एक देसी कट्टा बरामद किया गया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान राजकपूर और राकेश कुमार के रूप में हुई है। बिहार पुलिस मुख्यालय के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर काजीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव से हथियार बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त राजकपूर एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट सहित कुल 16 मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की तलाश में था। इस मामले में काजीपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### शालिनी कुमारी चांदपुरा की नई थानाध्यक्ष बनीं, बिट्टू कुमार को महुआ थाना भेजा गया

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने तीन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इनमें शालिनी कुमारी को चांदपुरा थाने का अध्यक्ष बनाया गया है। यह नियुक्तियां लोकहित और प्रशासनिक दृष्टिकोण से की गई हैं। जंदाहा थाने की अपर थाना अध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक शालिनी कुमारी को चांदपुरा थाना अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चांदपुरा के वर्तमान थाना अध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक बिट्टू कुमार को महुआ थाना अनुसंधान इकाई में भेजा गया है। वहीं, महुआ थाने के अपर थाना अध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक राजू कुमार पाल को सहदेई का नया थाना अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए पदस्थापना स्थल पर योगदान देने और अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। यह बदलाव हाल ही में सहदेई थाना अध्यक्ष गौतम कुमार साह के निलंबन के बाद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने गौतम कुमार साह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया था। एसपी ने बताया था कि एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गंभीर घटना हुई थी, जिसमें उसके सिर और पैर में चोटें आई थीं। पीड़ित ने सहदेई थाने में आवेदन दिया था, लेकिन लगभग 20 दिनों तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने सीधे पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। मामले की तत्काल समीक्षा और जांच के बाद यह सामने आया कि तत्कालीन थाना अध्यक्ष ने लापरवाही बरती थी। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी।

### शादी से कैमरामैन दुल्हन की नाबालिग बहन को लेकर भागा, वैशाली में वीडियोग्राफी के दौरान हुई घटना

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह से दुल्हन की नाबालिग बहन को वीडियोग्राफी करने आया कैमरामैन कथित तौर पर लेकर फरार हो गया। इस मामले में लड़की के भाई ने गोरौल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, जंदाहा थाना क्षेत्र के चमरूपुर गांव निवासी गोलू कुमार बड़ी बहन की शादी में वीडियोग्राफी के लिए आया था। शादी समारोह के दौरान गोलू ने दुल्हन की 16 वर्षीय छोटी बहन से बातचीत की और उसका मोबाइल नंबर ले लिया था। घटना 3 जुलाई की रात करीब 12 बजे की है। नाबालिग लड़की बाथरूम जाने का बहाना बनाकर घर से निकली, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, पर उसका कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने कैमरामैन गोलू से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। गोरौल थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अपहृत लड़की की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है। लड़की के भाई ने अपने आरोप में बताया कि गोलू कुमार ने शादी के दौरान उसकी छोटी बहन का नंबर ले लिया था और उससे मोबाइल पर बात करने लगा था। उन्होंने यह भी बताया कि 3 जुलाई को गोलू लड़की के घर भी गया था। जब परिजनों ने गोलू से संपर्क किया, तो उसने लड़की के अपने पास होने से इनकार कर दिया। भाई के अनुसार, गोलू अलग-अलग 8 मोबाइल नंबरों से फोन करता था।



### मुस्लिम लड़के ने फौजी बनकर हिन्दू लड़की को फंसाया

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में एक मुस्लिम युवक ने खुद को सेना का जवान बताकर हिन्दू लड़की को प्रेम जाल में फंसाया। आरोपी का नाम मो. अरमान है। पीड़िता का कहना है कि अरमान ने शादी का झांसा देकर मुझसे पैसे लिए, जबकि वो पहले से शादीशुदा है। बाद में पता चला कि मो. अरमान सेना का जवान नहीं बल्कि साइकिल की दुकान पर पंचर बनाता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने सेना जैसी हेयरकट, कमांडो ड्रेस और वीडियो कॉल पर वर्दी और हथियार दिखाकर युवती का भरोसा जीता। इसके बाद खुद को कभी पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात तो कभी आतंकियों के कब्जे में फंसा बताकर कई किस्तों में रुपए मंगवाता रहा। सकरा थाना क्षेत्र की 21 साल की युवती के आवेदन पर सदर थाना में मुख्य आरोपी मो. अरमान समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जनवरी 2026 में फेसबुक पर मो. अरमान की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने अपनी पहचान को विश्वसनीय बनाने के लिए पूरी तैयारी की थी। युवती से पहली मुलाकात से पहले उसने सेना के जवानों जैसी हेयरकट कराई और कमांडो ड्रेस पहनकर मिलने पहुंचा। आरोपी अलग-अलग बहाने बनाकर युवती से रुपए मंगवाता रहा। कभी वह खुद को पाकिस्तान सीमा पर ड्यूटी पर तैनात बताता, तो कभी आतंकियों के कब्जे में होने की कहानी सुनाकर पैसों की जरूरत बताता था।

### आरजेडी झंडे वाली गाड़ी से युवक का अपहरण

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में थार सवार ने युवक का अपहरण किया। थार पर राजद झंडा लगा है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मो. रहमान ने खुद को जिला सचिव बताया है। आरोपी रहमान ने पीड़ित युवक आयुष कुमार का अपहरण उसके घर के पास काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र से किया था। उसे गाड़ी में बैठाया और करीब 30 किमी तक घुमाया। उसके साथ गाड़ी में मारपीट भी की गई। गाड़ी रहमान के अलावा और भी लोग थे। इस दौरान अपहरण की सूचना पर पुलिस एक्टिव हो गई। गिरफ्तारी के डर से बदमाशों ने आयुष को सड़क किनारे छोड़ दिया। मामला रविवार दोपहर का है। पुलिस ने घटना के 4 घंटे के बाद गिरफ्तारी की है। आज पुलिस ने मामले की जानकारी पीसी कर दी है। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 3:30 बजे काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र से एक युवक के अपहरण की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में घेराबंदी कर सघन वाहन जांच और छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया। सरैया थाना क्षेत्र से अपहरण में इस्तेमाल थार गाड़ी के साथ आरोपी मो. रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर का रहने वाला है। जांच में पुलिस ने पाया कि थार पर RJD के झंडे के साथ जिला सचिव का बोर्ड भी लगा था। नगर-1 के एसडीपीओ सुरेश कुमार ने बताया कि पूछताछ और अनुसंधान में सामने आया है कि अपहृत युवक और गिरफ्तार आरोपी के बीच पहले से विवाद चल रहा था। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग को लेकर भी तनाव था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी एक युवती से दोस्ती थी और घायल युवक उसे लगातार धमकी देता था। इसी विवाद के चलते अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित आयुष कुमार के लिखित आवेदन पर काजी मोहम्मदपुर थाना में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल का किया निरीक्षण

एजेंसी, पटना



पटना में हेल्थ मिनिस्टर निशांत कुमार ने मंगलवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण (LNJP) अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड, ओपीडी और मेल टॉयलेट तक का जायजा लिया। जहां सफाई की कमी मिली। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी डिपार्टमेंट को 24 घंटे के लिए करेंगे। निरीक्षण में कई खामियां और अव्यवस्थाएं सामने आने पर अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधाओं और इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को मिल रही सुविधाओं, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी और ओपीडी व्यवस्था का भी जायजा लिया।

**ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिले डॉ तो मांगा जवाबः** निरीक्षण के दौरान एक डॉक्टर अपनी निर्धारित ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिले। मंत्री ने अधिकारियों से जानकारी ली तो बताया गया कि संबंधित डॉक्टर की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से थी, लेकिन 3 बजे तक भी वह अस्पताल नहीं पहुंचे थे। जब डॉक्टर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि अस्पताल पहुंचने में उन्हें करीब आधा घंटा और लगेगा। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित डॉक्टर को तत्काल विभाग में बुलाने का निर्देश दिया।

**कहा- डॉक्टर का पक्ष सुनने के बाद नियमानुसार कार्रवाईः** निशांत कुमार ने कहा, 'डॉक्टर की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से थी, लेकिन 3 बजे तक भी वे अस्पताल नहीं पहुंचे। फोन करने पर उन्होंने कहा कि आने में आधा घंटा और लगेगा। हमने उन्हें विभाग में बुलाया है और पूछा है कि देरी की वजह क्या है। उनका पक्ष सुनने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एक बूढ़ी दादी ने निशांत कुमार को आवाज लगाई, कहा- ए निशांत..ए निशांत। दादी ने कहा कि कल से X-Ray के लिए बैठी हूं। फिर निशांत ने खुद अपना हाथ आगे बढ़ाया और बूढ़ी महिला को अंदर भेज दिया।

**ड्यूटी से गायब मिले डॉक्टर, निशांत कुमार ने फोन कर बुलाया**

**23 जून को PMCH में मिली थी लापरवाहीः** इससे पहले 23 जून को स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (PMCH) का निरीक्षण किया था। उस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई खामियां सामने आई थीं। मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान PMCH के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाए गए। मंत्री ने उन्हें बैठक के लिए फोन भी किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। बाद में पता चला कि वे बिना किसी अवकाश स्वीकृति के ड्यूटी से गैरहाजिर थे।

## फल मंडी में कोरोबारी को मारी गोली साइलेंसर लगाकर की फायरिंग

एजेंसी, पटना



**पीएमसीएच में घायल की स्थिति नाजुक**

पटना के फल मंडी में घुसकर बदमाशों ने कारोबारी को गोली मार दी। वे गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें पीएमसीएच में ले जाया गया है। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय थाने की पुलिस और एफएसएल की टीम भी पहुंची। जिस जगह पर गोली चली है, उसे घेर कर पड़ताल की जा रही है। जब गोली चली उस वक्त किसी तरह की आवाज नहीं आई। आशंका जताई जा रही है कि साइलेंसर गन का इस्तेमाल किया गया है। घटना बहादुरपुर बाजार समिति की है।

**सिर के पास गोली लगीः** पूर्वी SP शैलजा ने बताया कि सुबह 11 बजे फलमंडी में गोली चलने की सूचना मिली। यहां आने पर पता चला कि राजकुमार प्रजापति जो यूपी के रहने वाले हैं। उनके सिर के पास गोली लगी है। दो खोखा घटनास्थल से बरामद किया गया है। एक गोली लगी है। फिलहाल छानबीन की जा रही है। आई विटनेस को भी पता नहीं चला है कि गोली किधर से चलाई गई है।

**गोली कैसे चली पता नहीं चलाः** दुकानदार शशिकांत प्रसाद ने बताया कि हमलोग दहशत के माहौल में हैं। 11 बजे हमलोग आम बेच रहे थे। इसी बीच कॉल आया कि 194-195 नंबर दुकान पर गोपालजी प्रसाद के मुंशी को गोली लग गई है। हमलोग हड़बड़ा कर आए और गोपालजी से पूछे तो उन्होंने बताया कि दुकान के सामने 4-5 लोग झगड़ा कर रहे थे। कैसे गोली चली पता नहीं चला। हमलोगों को भी गोली की आवाज नहीं आई।

## पटना समेत 10 जिलों में तेज बारिश 7 दिनों तक हैवी रेन का अलर्ट

एजेंसी, पटना



बिहार में मानसून का असर दिखने लगा है। मंगलवार को पटना, बेतिया, कटिहार, मधुबनी, सासाराम और औरंगाबाद समेत 10 जिलों में बारिश हुई है। बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमारनालंदा में एक मजार पर चादर चढ़ाने पहुंचे, लेकिन तेज बारिश के कारण उन्हें लौटना पड़ा। वहीं, मुंगेर में नदी का जलस्तर बढ़ने से कटाव शुरू हो गया है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

दरभंगा के जाले में तेज आंधी के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे एक विशाल पीपल के पेड़ की डाल टूटकर एक मकान पर गिर गई। हादसे के समय घर में मौजूद एक ही परिवार के 7 लोग बाल-बाल बच गए।

मौसम विभाग ने 12 जुलाई तक पूरे राज्य में भारी बारिश का 7 दिन का रेड अलर्ट जारी किया है। अगले 48 घंटे में भारी बारिश की संभावना है। वेदर एक्सपर्ट के मुताबिक, अगले 7 से 10 दिनों के दौरान मानसून और ज्यादा मजबूत होगा।

**नालंदा में मजार पर चादर नहीं चढ़ा पाए नीतीश कुमार**

प्रदेश में पिछले तीन सप्ताह तक मौसम सूखा रहा, लेकिन अब मानसून ने यू-टर्न लिया है। स्थिति यह थी कि 6 जुलाई तक राज्य में सामान्य 230.1 मिमी के मुकाबले केवल 103 मिमी बारिश हुई थी, जो सामान्य से 52 से 55 प्रतिशत कम थी।

## पीएमसीएच में इमरजेंसी व ओटी ठप, नर्सों की हड़ताल

एजेंसी, पटना



पटना के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल PMCH में नर्सों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया है। नर्सों की स्ट्राइक के बाद पिछले 6 घंटे से इमरजेंसी सेवा के साथ-साथ ओटी और दूसरी जरूरी सेवाएं पूरी तरह ठप है। बारिश के बीच नर्स पीएमसीएच कैंपस में विरोध-प्रदर्शन कर रही हैं। मामला इतना बढ़ गया कि अस्पताल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह को भी मौके पर पहुंचना पड़ा। PMCH की घटना पर स्वास्थ विभाग ने 7 सदस्यीय कमेटी गठन किया है। अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि कमेटी को 7 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपना है। इस कमेटी में स्त्री एवं प्रसूति विभाग के HOD डॉ. कुमारी मंजू, यूरोलॉजी विभाग के डॉ. दिनेश कुमार, सर्जरी विभाग के डॉ. विनय कुमार, मेडिसिन विभाग के डॉ. राजन कुमार और डॉ. पंकज हंस, आर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. राजीव आनंद और सीनियर नर्स अहिल्या कुमारी शामिल हैं।

वहीं, पीएमसीएच के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (JDA) ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान OPD, जेनेरल वार्ड और ऑपरेशन थिएटर की सेवा ठप रहेगी। हालांकि, आपातकालीन सेवा, ICU, लेबर रूम, आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर आदि सेवा चलती रहेगी। दरअसल, सोमवार को PMCH में मरीज अरविंद सिंह (55) की मौत हो गई। अरविंद सिंह एमसीएच में पिछले लगभग 20 वर्षों से कार्यरत सीनियर स्टाफ नर्स लक्ष्मी कुमारी के पति थे। परिवार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। जिसके बाद सीनियर नर्स के परिजन और जूनियर डॉक्टर सोमवार को भिड़ गए। अरविंद की मौत के बाद आज मंगलवार को अस्पताल की नर्सों ने हंगामा शुरू कर दिया है। नर्सों की मांग है कि दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई हो। इधर, नर्सों की हड़ताल से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। दानापुर के रहने वाले नीतीश कुमार सोनी इलाज करवाने पहुंचे, लेकिन उन्हें स्ट्रेचर तक नहीं मिली। उन्होंने कहा, 'अक्सर अस्पताल में हड़ताल की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन मरीज की सुनने वाला कोई नहीं है।'

**बोलीं-जूनियर डॉक्टर्स हैं या गुंडे, जांच के लिए कमेटी गठित**

**जूनियर डॉक्टर पर मारपीट का आरोपः** दरअसल, लक्ष्मी कुमारी ने अपने पति को गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे मेडिकल इमरजेंसी यूनिट में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि तीन दिनों तक इलाज चलने के बाद उनकी मौत हो गई। उनका दावा है कि यदि समय पर उचित और बेहतर इलाज मिलता तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। मृतक के बेटे शिवम कुमार ने बताया कि भर्ती के बाद उनके पिता का डायलिसिस किया जा रहा था। परिजनों ने जब लापरवाही उजागर करने की कोशिश की तो जूनियर डॉक्टरों ने उनके दोनों बेटों को कमरे में बंद कर पीटा। बीच-बचाव करने गईं नर्स से भी मारपीट की। इस दौरान अस्पताल परिसर में कई घंटे तनाव का माहौल रहा।

# लालू बोले, मैं शेर हूं, मुझे किसी का डर नहीं, बिना सुरक्षा आवास से निकले

एजेंसी, पटना



बिहार सरकार ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को Z श्रेणी की सुरक्षा लौटा दी है। इसके बाद भी लालू मंगलवार को बिना सिक्योरिटी के अपने आवास से बाहर निकलते दिखे। जब उनसे पूछा गया कि सरकार ने जब सुरक्षा दी है तो आप ऐसे क्यों निकल रहे हैं। इसपर लालू कहते हैं, 'मुझे कोई दिक्कत नहीं है, मैं शेर हूं, मुझे किसी का डर नहीं है और न मुझे सुरक्षा की चिंता है।

**जिसको निशाना बनाना है बनाएः** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के राजनीतिक रूप से निशाना बनाए जाने के सवाल पर लालू प्रसाद यादव ने कहा, बनाने दीजिए निशाना। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, 'हां, सब चुप हैं।' राजद के संगठन और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व को लेकर लालू प्रसाद यादव ने कहा, 'हां, सब ठीक चल रहा है।'

**लालू ने कहा था, सरकार बैकफुट पर हैः** सुरक्षा वापस देने के बाद लालू यादव ने कहा था कि सरकार बैकफुट पर है। एक महीना पहले बिहार सरकार ने VVIP सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी। इस समीक्षा के बाद लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया गया था, जिसे लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सुरक्षा में बदलाव के विरोध में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी ने सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सुरक्षा वापस कर दी थी।

**आवास विवाद के बीच घटाई गई सुरक्षाः** सम्राट सरकार की तरफ से राबड़ी आवास को खाली करने का नोटिस दिया गया था। इस नोटिस पर विवाद बढ़ा तो लालू परिवार की जेड प्लस सिक्योरिटी खत्म कर दी गई है। दोनों को बिहार पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था दी गई थी, जिसमें एस्कॉर्ट, बुलेट प्रूफ कार और 8 से 16 गार्ड शामिल थे।

## खान सर की अग्रिम जमानत पर 40 मिनट बहस,कोर्ट ने मांगा आपराधिक रिकॉर्ड

**पटना**। खान ग्लोबल स्टडीज के शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत और जेल में बंद गाड्र्स प्रदीप कुमार और तालेबर सिंह की रेगुलर बेल पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में करीब 40 मिनट तक District जज रूपेश देव ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनी। जज ने रौशन आनंद के पक्ष की शिकायत पर खान सर के पुराने आपराधिक इतिहास का रिकॉर्ड मांगा है, जिसे आज ही देना है। कल सुबह 10:30 बजे पूरे मामले में फिर से सुनवाई होगी। तब फैसला आ सकता है। जज ने सुनवाई के दौरान कहा कि ये मामला अब लंबे दिन से खिंचा आ रहा है। पिछली सुनवाई के दौरान ADJ ने की थी। उन्होंने 7 जुलाई तक खान सर और उनके सहयोगियों का इंटीरिम प्रोटेक्शन एक्सटेंड कर दिया था।

## हाथीदह पुलिस ने 100 किलो गांजा जब्त किया, 6 तस्कर दबोचे गए

एजेंसी, पटना



पटना जिले के हाथीदह थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन चार पहिया वाहनों से 100 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया और मौके से पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

**लग्जरी गाड़ियों में गांजे की बड़ी खेप ले जा रहे थेः** जानकारी के अनुसार, हाथीदह थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को सूचना मिली थी कि तस्करों का एक गिरोह लग्जरी गाड़ियों में गांजे की बड़ी खेप ले जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष ने तुरंत एक विशेष टीम गठित की और चिन्हित स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान, पुलिस टीम ने संदिग्ध परिस्थितियों में आ रहे तीनों चार पहिया वाहनों को रुकने का इशारा किया। वाहन चालकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल की मुस्तैदी से उन्हें घेरकर रोक लिया गया। वाहनों की गहन तलाशी लेने पर उनके अंदर बने गुप्त तहखानों और सीटों के नीचे छिपाकर रखा गया 100 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने गांजे की खेप और तीनों वाहनों को जब्त कर पांचों तस्करों को हिरासत में ले लिया। इस सफलता के बाद स्थानीय पुलिस ने तुरंत अपने वरीय अधिकारियों को सूचित किया। अब गिरफ्तार तस्करों से कड़ी पूछताछ की जा रही है

## पटना जू में अगले सप्ताह से देख सकेंगे व्हाइट टाइगर

एजेंसी, पटना



पटना जू में अगले सप्ताह से लोग व्हाइट टाइगर का दीदार कर सकते हैं। दिल्ली जू से एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आए व्हाइट टाइगर को डिस्प्ले किया जाएगा। इसके अलावा 6 संघाई हिरण, 4 वाइट ब्लैकबक, 4 रोजी पेलिकन, 4 पेंटेड स्टॉर्क, 2 ग्रीन इगुआना और 2 सिल्वर फिजेंट भी लाए गए हैं। दिल्ली जू से आए संघाई हिरणों में दो नर और चार मादा हैं, जबकि वाइट ब्लैकबक में दो नर और दो मादा हैं। इसके अलावा 25 जुलाई तक कर्नाटक के शिवमोगा जू से दो नर गौर लाए जाएंगे। सेंट्रल जू अथॉरिटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

अभी पटना जू में सिर्फ़ 2 मादा गौर हैं। 2 नर गौर लाने से पटना जू में गौर की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। शिवमोगा जू को देश की पहली विशेष 'गौर सफारी' के रूप में विकसित की गई है। इसके तहत मैसूरू चिड़ियाघर से लाए गए भारतीय गौर रखे जाते हैं।

**इगुआना के लिए बन रहा एक कांच का बाड़ाः** वहीं, रोहतक जू से दो ग्रीन इगुआना और दो सिल्वर फिजेंट लाए गए हैं। वाइट ब्लैकबक और ग्रीन इगुआना भी दर्शकों के लिए आकर्षण साबित होंगे। खासकर ग्रीन इगुआना को पहली बार पटना जू में देखा जा सकेगा। इसके लिए विशेष बाड़ा तैयार किया गया है। इसके अलावा, रेप्टाईल घर में इगुआना के लिए एक कांच का बाड़ा (20x30 फीट) तैयार किया गया है।

# हर जिले में निगरानी थाना-ओपी खोलने की तैयारी

एजेंसी, पटना




बिहार में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो अपनी पहुंच और कार्रवाई को और मजबूत करने की तैयारी में है। हर जिले में एक निगरानी थाना या ओपी खोलने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द विभाग को भेजा जाएगा। इसके अलावा सभी प्रमंडलों में क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की भी योजना बनाई गई है। वर्तमान में पटना, भागलपुर और मुजफ्फरपुर में निगरानी मामलों के लिए विशेष कोर्ट कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते मामलों को देखते हुए इनकी संख्या बढ़ाने की भी आवश्यकता है। वहीं, अगर अधिकारियों पर कार्रवाई की बात करें तो सबसे ज्यादा राजस्व एवं भूमि विभाग के ऑफिसर्स पर हुई है। ये जानकारी ब्यूरो के महानिदेशक (डीजी) जितेंद्र सिंह गंगवार ने सोमवार को पटना में एक पीसी में कही है।

**हर डेढ़ दिन में भ्रष्टाचार का नया मामला दर्ज हो रहाः** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ भी निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई में तेजी आई है। 2025 में अब तक 30 आरोपियों को सजा दिलाई जा चुकी है, जो पिछले 25 वर्षों के औसत से 5 से 6 गुना अधिक है। ब्यूरो अब हर डेढ़ दिन में भ्रष्टाचार का एक नया मामला दर्ज कर रहा है। ब्यूरो के महानिदेशक (डीजी) जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि 2000 से 2024 के दौरान औसतन हर साल 5.6 आरोपियों को सजा दिलाई जाती थी। इस साल अब तक 10 और आरोपियों को सजा मिल चुकी है, यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।

डीजी गंगवार ने बताया कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज होने की संख्या में भी वृद्धि हुई है। 2000 से 2024 के बीच सालाना औसतन 72 एफआईआर दर्ज होती थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 122 हो गई, जो लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

**प्रमंडलों में क्षेत्रीय कार्यालय की भी योजना, राजस्व एवं भूमि विभाग के अधिकारियों पर सबसे ज्यादा कार्रवाई**

**ट्रैप केस की संख्या भी बढ़ीः** मौजूदा वर्ष में एफआईआर दर्ज होने की रफ्तार पिछले वर्ष से भी अधिक है। पहले जहां औसतन दो दिन में एक एफआईआर दर्ज होती थी, वहीं अब यह औसत घटकर 1.4 दिन हो गया है, यानी लगभग हर डेढ़ दिन में एक नया मामला दर्ज हो रहा है। इसके अतिरिक्त, ट्रैप कार्रवाई में भी दोगुनी से अधिक तेजी आई है। पिछले 25 वर्षों में सालाना औसतन 49 ट्रैप केस होते थे, जबकि वर्ष 2025 में इनकी संख्या 101 तक पहुंच गई है। डीजी ने उम्मीद जताई कि वर्तमान वर्ष में यह आंकड़ा तीन गुना तक पहुंच सकता है। भ्रष्ट अफसरों की 102 करोड़ की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई डीजी ने बताया कि भ्रष्टाचार के जरिए अवैध संपत्ति अर्जित करने वाले लोक सेवकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बलुआ चौक पर करंट की चपेट में आने से युवती की मौत

**बीएनएम@ मोतिहारी**। नगर थाना क्षेत्र के बलुआ चौक पर करंट की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान मनोहर राम की 20 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। साथ ही हादसे के कारणों की भी जांच की जा रही है।

### हाथ बंधा युवक का शव नहर से बरामद, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बीएनएम@ मोतिहारी**। पिपरा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर पंचायत स्थित कुंवरपुर बिंटोली गांव के समीप नहर से एक युवक का हाथ बंधा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान श्रीभगवान राम के 36 वर्षीय पुत्र राजकुमार राम के रूप में हुई है, जो पेशे से बोलेरो चालक था। जानकारी के अनुसार, सोमवार देर शाम ग्रामीणों ने नहर में एक शव तैरता देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पिपरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि शव के हाथ कपड़े से बंधे हुए थे, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मृतक के परिजनों ने गांव के एक कथित शराब कारोबारी पर हत्या कर शव को नहर में फेंकने का आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस से आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। थानाध्यक्ष अंजन कुमार ने बताया कि परिजनों से लिखित आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर ठगी पर पुलिस का शिकंजा, रक्सौल के आठ म्यूल खाताधारकों को नोटिस; सेमरा बाजार में छापेमारी

**बीएनएम@ मोतिहारी**। साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में रक्सौल क्षेत्र के चिन्हित आठ म्यूल खाताधारकों को नोटिस जारी कर निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं, जांच के सिलसिले में कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार में भी छापेमारी की गई। पुलिस के अनुसार जांच में इन बैंक खातों के माध्यम से साइबर ठगी की राशि के लेन-देन के साक्ष्य मिले हैं। इसी आधार पर संबंधित खाताधारकों को नोटिस भेजा गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि खाताधारक अपने बैंक खाते के उपयोग एवं संदिग्ध लेन-देन के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, तो उनके विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि सेमरा बाजार में की गई छापेमारी के संबंध में पुलिस ने अभी यह नहीं बताया है कि वहां से कोई बरामदगी हुई है या किसी की गिरफ्तारी की गई है। जांच जारी होने के कारण विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है। साइबर थाना के इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि म्यूल अकाउंट साइबर अपराधियों के लिए ठगी की रकम को एक खाते से दूसरे खाते में स्थानांतरित करने का प्रमुख माध्यम बन गए हैं। ऐसे खातों की पहचान कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी व्यक्ति के कहने पर अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक या इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा किसी को उपलब्ध नहीं कराएं। ऐसा करने पर अनजाने में भी साइबर अपराध में संलिप्त पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर पर यूक्रेन की महिला गिरफ्तार, बिना वैध दस्तावेज नेपाल जाने का प्रयास विफल

**बीएनएम@ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण के हरपुर थाना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में यूक्रेन की एक महिला नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वह बिना वैध यात्रा एवं आव्रजन दस्तावेज के भारत में रह रही थी तथा हरपुर बॉर्डर के रास्ते अवैध रूप से नेपाल में प्रवेश करने का प्रयास कर रही थी। पुलिस के अनुसार, सैनिक रोड के समीप संयुक्त जांच अभियान के दौरान संदिग्ध महिला को रोककर पूछताछ की गई। उसके पासपोर्ट, वीजा एवं अन्य यात्रा संबंधी दस्तावेजों की जांच में भारत में वैध रूप से रहने अथवा अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने से संबंधित आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए। इसके बाद उसे विधिसम्मत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि महिला के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान उसके भारत आगमन, यहां ठहरने तथा नेपाल जाने के उद्देश्य सहित सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### आर्म्स एक्ट के वांछित अभियुक्त को मधुबन पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी**। मधुबन थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक पुराने मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमर प्रताप सिंह, पिता सुरेंद्र प्रताप सिंह, निवासी शाहमहमद डुमरी, थाना पारू, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त मधुबन थाना कांड संख्या 164/16 (आर्म्स एक्ट) में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें पारू थाना (मुजफ्फरपुर) में मारपीट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट से जुड़े कई कांड शामिल हैं। इसके अलावा वह मधुबन थाना कांड संख्या 184/16 (आर्म्स एक्ट) में भी वांछित बताया गया है। यह गिरफ्तारी पुअनि आशुतोष कुमार, मधुबन थाना पुलिस, सशस्त्र बल तथा पारू थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### मनौरा गांव में 800 लीटर संदिग्ध पेट्रोलियम पदार्थ बरामद, आरोपी फरार

**बीएनएम@ मोतिहारी**। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत अंतर्गत मनौरा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चार ड्रम में रखा लगभग 800 लीटर संदिग्ध पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने बरामद तरल पदार्थ के नमूने जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि मनौरा गांव में सस्ते दाम पर कथित रूप से नकली एवं मिलावटी पेट्रोल-डीजल का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान धनंजय कुमार के घर की बाउंड्री के समीप से चार टीन के ड्रम बरामद किए गए। प्रत्येक ड्रम की क्षमता करीब 200 लीटर बताई गई है। ड्रमों में भरे कुल 800 लीटर तरल पदार्थ से पेट्रोल जैसी तेज गंध आ रही थी। पुलिस के पहुंचते ही कथित रूप से इस कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने बताया कि बरामद तरल पदार्थ प्रथम दृष्टया पेट्रोलियम उत्पाद प्रतीत होता है। इसके नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह पेट्रोल, डीजल अथवा कोई मिलावटी ईंधन है। उन्होंने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थों के कारोबार में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एम.एस कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण, एनएसएस के 'सर्व ब्रिक्स 2026' अभियान के तहत हरित परिसर का लिया संकल्प

**बीएनएम@ मोतिहारी**

मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को 'सर्व ब्रिक्स 2026: वॉलंटियरिंग फॉर अ बेटर टुमॉरो' अभियान के अंतर्गत 'वन महोत्सव सप्ताह' के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर का निर्माण तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, एनएसएस स्वयंसेवकों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य



प्रो. एम. एन. हक ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवन का आधार हैं और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राचार्य ने वन प्रमंडल पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वन विभाग के सहयोग से प्राप्त पौधों के माध्यम से महाविद्यालय परिसर को अधिक हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं में पर्यावरणीय चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने स्वयंसेवकों से प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक, डॉ. ए. के. रंजन, डॉ. शफीकुर रहमान, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. विदुषी दीक्षित, डॉ. अवनीश कुमार मिश्र, डॉ. शशिकांत यादव सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों की सुरक्षा तथा हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में निरंतर योगदान देने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## आगामी 15 जुलाई को राहुल गांधी के पटना आगमन की तैयारी तेज, कांग्रेस ने बनाई 11 सदस्यीय मोबिलाइजर टीम

**बीएनएम@ मोतिहारी**



आगामी 15 जुलाई को पटना में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रस्तावित आगमन एवं 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी ने 11 सदस्यीय मोबिलाइजर टीम का गठन किया है। मंगलवार को जिलाध्यक्ष प्रो. अखिलेश दयाल ने टीम के गठन की घोषणा करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जिले से अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कराना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान के कोटा में नीट परीक्षा पेपर लीक एवं परीक्षा कुप्रबंधन के विरोध में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में लाखों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसी क्रम में अब 15 जुलाई को सम्राट अशोक की धरती पटना में भी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि गठित 11 सदस्यीय टीम विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल कराने का कार्य करेगी। टीम में प्रदेश डेलिगेट मुमताज अहमद, मोतिहारी महानगर अध्यक्ष राहुल कुमार शर्मा, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस प्रीतम अग्रवाल, पूर्वी चंपारण युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कुमार आशीष, ढाका प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इम्तेयाज अख्तर, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव सन्नी कुमार गुप्ता, कांग्रेस नेता असहाबुल होदा अंसारी, युवा कांग्रेस नेता सद्दाम हुसैन, पीपरा कोठी के युवा कांग्रेस नेता हसमुद्दीन अंसारी तथा रामगढ़वा के कांग्रेस नेता धीरज कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## अरेराज में मंत्री श्रवण कुमार का भव्य स्वागत, जदयू कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र व फूलमाला से किया सम्मानित



**बीएनएम@ मोतिहारी**

बेतिया से केसरिया जाने के क्रम में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री तथा पूर्वी चम्पारण के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार का अरेराज प्रखंड के मंगुराहां गांव स्थित पूर्वी चम्पारण जिला जदयू के प्रवक्ता सह जिला नागरिक परिषद के सदस्य जन्मेजय कुमार पटेल (सरपंच) के आवास पर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जदयू कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्रवण कुमार को अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है तथा मंत्री श्रवण कुमार एक ईमानदार, कुशल संगठनकर्ता, ओजस्वी वक्ता और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी नेता हैं। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बिहार के जदयू कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय नेता बताया। कार्यक्रम में प्रदेश जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य पंकज सिंह पटेल एवं कौशल किशोर सिंह, प्रदेश जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष कृष्णकांत मिश्र, प्रदेश जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महासचिव प्रमोद पासवान, प्रदेश जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के महासचिव चंदेश्वर प्रसाद, प्रदेश जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सचिव सैयुम अंसारी सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन की प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फेलोशिप से सम्मानित होंगे एम्स नागपुर के डॉ. धीरेंद्र कुमार

**बीएनएम@ नीरज आनन्द**



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नागपुर के जनरल सर्जरी विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत डॉ. धीरेंद्र कुमार को चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन (Fellow of the Commonwealth Medical Association–FCMA) की प्रतिष्ठित फेलोशिप प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह सम्मान उन्हें आगामी कॉमनवेल्थ ग्लोबल समिट ऑन बायोएथिक्स के अवसर पर आगामी 11–12 जुलाई को तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित होटल राजेश्वरी इंटरनेशनल में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। फेलोशिप का औपचारिक दीक्षांत (कन्वोकेशन) समारोह आगामी 11 जुलाई को सायं 5 बजे आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न देशों के चिकित्सा विशेषज्ञ, शिक्षाविद् एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। प्राप्त अधिसूचना के अनुसार, डॉ. धीरेंद्र कुमार वर्तमान में एम्स नागपुर में सहायक प्राध्यापक (जनरल सर्जरी) के पद पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा, शल्य चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनके समर्पित योगदान और पेशेवर उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए उन्हें यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन राष्ट्रमंडल देशों की चिकित्सा संस्थाओं का एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो चिकित्सा शिक्षा, नैतिक मूल्यों, अनुसंधान तथा वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, अकादमिक विमर्श एवं सम्मान समारोह आयोजित करता है। इस प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए चयन चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों, शैक्षणिक योगदान एवं व्यावसायिक प्रतिबद्धता के आधार पर किया जाता है। डॉ. धीरेंद्र कुमार का इस सम्मान के लिए चयन न केवल एम्स नागपुर, बल्कि भारतीय चिकित्सा समुदाय के लिए भी गौरव का विषय माना जा रहा है। यह उपलब्धि भारतीय चिकित्सकों की वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा तथा चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति का प्रतीक है।

## फोन-पे कस्टमर केयर के नाम पर साइबर ठगी, युवक के खाते से 2.96 लाख रुपये उड़ाए

**बीएनएम@ मोतिहारी**

फोन-पे सेवा चालू कराने के नाम पर साइबर अपराधियों ने रक्सौल थाना क्षेत्र के उत्तरवारी नहर कोइरिया टोला निवासी दिनेश कुमार को ठगी का शिकार बना लिया। जालसाजों ने फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से मोबाइल तक पहुंच बनाई और तीन बैंक खातों से सात ट्रांजेक्शन में कुल 2.96 लाख रुपये की निकासी कर ली। मामले में पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित के आवेदन के अनुसार, 3 जुलाई को फोन-पे सेवा बंद होने के बाद उन्होंने अगले दिन गूगल पर कस्टमर केयर नंबर खोजकर संपर्क किया। कुछ देर बाद दूसरे नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को फोन-पे का वरिष्ठ अधिकारी बताते हुए आवश्यक जानकारी ली। इसके बाद उनके मोबाइल से जुड़े एचडीएफसी बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक और एक्सिस बैंक के खातों से अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर राशि निकाल ली गई। आरोप है कि एचडीएफसी बैंक से लोन ऑफर के माध्यम से 2.20 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कर खाते में जमा कराया गया और उसी में से 1.96 लाख रुपये भी निकाल लिए गए। इसके अलावा अन्य दो बैंक खातों से भी करीब एक लाख रुपये की निकासी कर ली गई। बैलेंस जांचने पर ठगी का पता चलने के बाद पीड़ित ने तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर मोतिहारी साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साइबर थाना के इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि मामले में प्रयुक्त मोबाइल नंबर, बैंक खातों और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर साइबर अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तुरकौलिया में किराना दुकानदार गांजा के साथ गिरफ्तार, नकदी भी जब्त

**बीएनएम@ तुरकौलिया**



पुलिस ने जयसिंहपुर खिरवा बाजार में छापेमारी कर कथित रूप से गांजा बेच रहे एक किराना दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी दुकान से गांजा और 2,570 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जयसिंहपुर खिरवा बाजार निवासी अतुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गश्ती के दौरान एसआई निभा कुमारी को गुप्त सूचना मिली थी कि बाजार स्थित एक गुमटी में मादक पदार्थ की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर गुमटी से निकलकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। दुकान की तलाशी के दौरान प्लास्टिक की छोटी-छोटी 16 पुड़ियों में रखा गांजा जैसा पदार्थ तथा 2,570 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपी ने बरामद नकदी को गांजा बिक्री की राशि बताया तथा यह भी स्वीकार किया कि वह गांजा नेपाल से लाकर बेचता था। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बरामद पदार्थ की जांच एवं अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## तीन पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

**बीएनएम@ पताही**

प्रखंड क्षेत्र की जिहुली, पदुमकेर एवं नोनफरवा पंचायत में बुधवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनके निष्पादन की प्रक्रिया शुरू की। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) उदय कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने आवास, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बिजली सहित विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। संबंधित विभागों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया, जबकि अन्य मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया। जिहुली पंचायत में आयोजित शिविर में पताही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। चिकित्सक डॉ. सुधांशु रंजन, अजीत



मेहरिया एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई। बीडीओ उदय कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही आम लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी नियमित रूप से किया जाएगा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयास से आयोजित इस सहयोग शिविर को ग्रामीणों ने उपयोगी एवं जनहितकारी पहल बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोतिहारी बॉर्डर पर यूक्रेनी महिला गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** हरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (SSB) की संयुक्त टीम को एक बड़ी कामयाबी मिली है। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास चलाए गए एक विशेष तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने यूक्रेन की एक महिला नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह महिला सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचकर अवैध रूप से भारत से नेपाल भागने की फिराक में थी, लेकिन मुस्तैद जवानों ने उसकी इस कोशिश को नाकाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, हरपुर थाना पुलिस और एसएसबी के जवान सैनिक रोड के समीप संयुक्त रूप से वाहनों और संदिग्धों की जांच कर रहे थे. इसी दौरान वहां से गुजर रही इस विदेशी महिला की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उसे रोककर पूछताछ की गई। जब सुरक्षा बलों ने उससे भारत में रहने और यात्रा से जुड़े कागजात मांगे, तो वह कोई भी वैध पासपोर्ट, वीजा या आव्रजन दस्तावेज पेश नहीं कर सकी। वैध कागजात नहीं होने के कारण सुरक्षा बलों ने विदेशी महिला को तत्काल हिरासत में ले लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। महिला पर बिना किसी वैध अनुमति के अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने, लंबे समय तक रहने और फिर हरपुर बॉर्डर के रास्ते अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर नेपाल में घुसने का प्रयास करने का गंभीर आरोप है। मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार यूक्रेनी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां महिला से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह भारत कब और किस रास्ते से आई थी, यहाँ किन लोगों के संपर्क में थी और उसके नेपाल जाने का मुख्य उद्देश्य क्या था।



### बिहार को फाइलेरिया उन्मूलन में मिली अंतरराष्ट्रीय सराहना

**यूएन, डब्ल्यूएचओ ने की तारीफ**

**बीएनएम@ पटना।** बिहार ने लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठनने बिहार के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए गए लगातार प्रयासों का परिणाम है। संजय कुमार झा ने बताया कि वर्ष 2026 में पहली बार बिहार के अररिया, मधेपुरा और सुपौल जिलों ने ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे के सभी निर्धारित मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसके बाद इन जिलों में सामूहिक दवा वितरण अभियान समाप्त कर निगरानी चरण शुरू किया जा सकेगा। इसे भारत के वर्ष 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक अभियान का परिणाम नहीं, बल्कि पिछले दो दशकों में सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किए गए व्यापक सुधारों का प्रतिफल है।

### यूपी से ऑटो में छिपाकर लाई जा रही अंग्रेजी शराब बरामद

**बीएनएम@ बगहाः** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत धनहा थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश से ऑटो में छिपाकर लाई जा रही 180 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। धनहा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि धनहा स्थित गौतम बुद्ध सेतु पुल चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक ऑटो को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान ऑटो में 50-50 लीटर के गैलनों में छिपाकर रखी गई कुल 180 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से ऑटो चालक एवं शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान बेतिया जिले के नवलपुर थाना क्षेत्र के नवलपुर गांव निवासी रामप्रीत गुप्ता के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब और ऑटो को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### आइस्क्रीम फैक्ट्री में करंट लगने से कारीगर की मौत


**बीएनएम@ बगहाः** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत धनहा थाना क्षेत्र के तमकुहवा गांव स्थित एक आइस्क्रीम फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर बिजली का करंट लगने से एक कारीगर की मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री संचालक एवं अन्य लोग फैक्ट्री छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, धनहा थाना क्षेत्र के खोतहवा गांव निवासी दयाशंकर पटेल मंगलवार को तमकुहवा गांव निवासी मनोज राम की आइस्क्रीम फैक्ट्री में काम करने गए थे। दोपहर करीब दो बजे काम के दौरान वह अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में उन्हें उत्तर प्रदेश के जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।धनहा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। लेकिन अभी तक परिजनों के तरफ से कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

### महिला से बाइक सवार उचक्के सोने की चेन छीनकर फरार

**बीएनएम@ गयाजी।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के काशीनाथ कृष्णा ज्वेलर्स के पास मॉर्निंग वॉक कर लौट रही महिला से बाइक सवार उचक्कों ने सोने की चेन छीनकर फरार हो गये। पीड़ित महिला का नाम रीना साह, पति मनोज कुमार है। रीना ने बताया कि बाइक पर दो युवक सवार थे ।पीड़िता ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह गांधी मैदान में मॉर्निंग वॉक के लिए गई थी। वहां से एक अन्य महिला के साथ अपने घर कोतवाली थाना क्षेत्र के ढोलकिया गली एक और महिला के साथ लौट रही थी तो सिविल लाइन थाना क्षेत्र के काशीनाथ स्थित कृष्णा ज्वेलर्स के पास तेज रफ्तार से बाटा मोड की तरफ से बाइक आई और मुझे गले से चैन को झपटकर एपीआर मॉल की तरफ भाग निकला। मैं मौके पर गिर गयी और मुझे कुछ समझ में नहीं आया जब मैं और हंगामा किया तब तक वह बाइक सवार युवक भाग निकला था। सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### बंद घर के ताले तोड़ लाखों की संपत्ति उड़ाई

**बीएनएम@ बेतियाः** बेतिया के चनपटिया थाना क्षेत्र के भैसही गांव में बंद पड़े एक घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने घर के मुख्य गेट से लेकर सभी कमरों के ताले तोड़ दिए और लाखों की संपत्ति समेटकर फरार हो गए। पुलिस और एफएसएल की टीम जांच में जुट गई है।पीड़ित रूपेश कुमार के अनुसार, 3 जुलाई को वह पूरे परिवार के साथ अपने ससुराल गए थे। रविवार सुबह उनके भाई ने फोन कर बताया कि घर का मुख्य दरवाजा खुला है और ताले टूटे पड़े हैं।घर पहुंचने पर देखा कि मुख्य गेट सहित सभी कमरों के ताले तोड़ दिए गए थे। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी और पेटी का लॉक तोड़कर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन और महत्वपूर्ण कागजात चोरी कर लिए।घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस सबसे पहले मौके पर पहुंची। चनपटिया थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।



# जन सहयोग शिविर में उमड़ी भीड़, नल-जल योजना की बदहाली पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

बीएनएम@ रामगढ़वा



प्रखंड की सिंहासनी, शिवनगर इनरवा और मंगलपुर पटनी पंचायत में सोमवार को विशेष जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्सौल एसडीएम मनीष कुमार एवं बीडीओ राकेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों के पहुंचते ही अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद में बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में पहुंचे। शिविर के दौरान सिंहासनी पंचायत में नल-जल योजना की बदहाल स्थिति प्रमुख मुद्दा रही। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीएचईडी विभाग की उदासीनता के कारण योजना प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत के 15 वार्डों में से केवल वार्ड संख्या 4 और 9 में ही नियमित जलापूर्ति हो रही है, जबकि अन्य वार्डों में निजी भूमि पर स्थापित उपकरण खराब होने के कारण योजना बंद पड़ी है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने की बात भी ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष रखी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाया और स्थल निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार शिविर में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 42 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष 16 मामलों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। शिविर में सिंहासनी पंचायत की मुखिया अनीता सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत सिंह, शिवनाथ प्रसाद एवं अमित सिंह उपस्थित रहे। शिवनगर इनरवा पंचायत में मुखिया शिवचंद्र यादव की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं, मंगलपुर पटनी पंचायत में मुखिया अशोक सिंह एवं संदीप सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा बीसीओ अशोक पन्ना, बीएओ पारसनाथ काजी, रामगढ़वा थाना के एसआई राधेश्याम यादव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर पहुंचकर समस्याएं सुनने और उनके समाधान की दिशा में किए जा रहे प्रयास को सराहनीय पहल बताया।

## पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर में 183 आवेदन आए

» 146 मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन

बीएनएम@ समस्तीपुर



आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को मोहिउद्दीननगर प्रखंड की करीमनगर, मोहिउद्दीननगर दक्षिण एवं मोहिउद्दीननगर उत्तर पंचायत में पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और बड़ी संख्या में मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। शिविर का निरीक्षण जिला पंचायत राज पदाधिकारी संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी पटोरी विकास कुमार पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. नवकंज कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अभिषेक कुमार, राजस्व अधिकारी सृष्टि सागर, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रशांत कुमार ठाकुर, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता हरीश चंद्र कुमार, संबंधित पंचायतों के जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित रहे। शिविर में करीमनगर पंचायत से 121 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 104 मामलों का निष्पादन किया गया। मोहिउद्दीननगर दक्षिण पंचायत में प्राप्त 27 आवेदनों में से 19 तथा मोहिउद्दीननगर उत्तर पंचायत में प्राप्त 35 आवेदनों में से 23 मामलों का समाधान किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. नवकंज कुमार ने बताया कि शिविर में प्राप्त अधिकांश आवेदन जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित थे। इनमें से बड़ी संख्या में मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को लाभ पहुंचाया गया।

## वन महोत्सव में संगोष्ठी व वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया उत्साह

बीएनएम@ समस्तीपुर

**पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का दिया गया संदेश**



जी.एम.आर.डी. कॉलेज, मोहनपुर में आयोजित वन महोत्सव 2026 का समापन हर्षोल्लास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर महाविद्यालय में "पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका" विषय पर संगोष्ठी तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं विकास के बीच संतुलन की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में अजनिशा कुमारी ने प्रथम, नंदिनी कुमारी ने द्वितीय तथा रोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ. संतोष कुमार ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. लक्ष्मण यादव ने किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियां मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय "क्या विकास के लिए वनों की कटाई जरूरी है?" रखा गया था। प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में तर्क प्रस्तुत करते हुए पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता और चिंतनशील दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तुरकौलिया की तीन पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित, विधायक ने किया उद्घाटन

बीएनएम@ तुरकौलिया




प्रखंड की तुरकौलिया पूर्वी, तुरकौलिया पश्चिमी एवं तुरकौलिया मध्य पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। तुरकौलिया पूर्वी पंचायत में आयोजित शिविर का उद्घाटन स्थानीय विधायक कृष्णनंदन पासवान ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक शर्मा ने किया। उद्घाटन के बाद विधायक कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचाना है। ऐसे सहयोग शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के मुखिया विनय कुमार ने पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाने पर सरकार एवं प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों पर कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। अन्य मामलों के शीघ्र समाधान का आश्वासन संबंधित अधिकारियों ने दिया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष राज, नोडल पदाधिकारी निवेदिता कुमारी, तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया रामजन्म पासवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सूरत से घर लौटने के दौरान मजदूर लापता



बीएनएम@ समस्तीपुर

मोहिउद्दीननगर उत्तर पंचायत अंतर्गत बलुआही गांव निवासी एक प्रवासी मजदूर विपिन महतो के रहस्यमय ढंग से लापता हो जाने का मामला सामने आया है। वे लगभग दो माह पूर्व रोजगार की तलाश में गुजरात के सूरत जिले के हजीरा क्षेत्र गए थे। परिजनों के अनुसार, 29 जून को विपिन ने अपनी पत्नी सीमा देवी से मोबाइल पर बातचीत की थी। बातचीत के दौरान उन्होंने घर लौटने के लिए ट्रेन पकड़ने की बात कही थी। इसके बाद से उनका मोबाइल बंद हो गया और उनसे किसी प्रकार का संपर्क नहीं हो सका। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उनके घर नहीं पहुंचने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है तथा किसी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। सीमा देवी ने बताया कि उनके पति सूरत में सेंट्रिंग का कार्य कर मजदूरी करते थे और उसी से परिवार का भरण-पोषण होता था। पति के अचानक लापता हो जाने से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। सीमा ने मोहिउद्दीननगर थाना में आवेदन देकर पुलिस से पति की तलाश कराने की गुहार लगाई है। मोहिउद्दीननगर थानाध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि मामला दूसरे राज्य से जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद पुलिस स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर छानबीन कर रही है तथा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## रसलपुर की बेटी ज्योति सिंह ने बढ़ाया समस्तीपुर का मान

**प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी में हुआ चयन**

बीएनएम@ समस्तीपुर




मोहनपुर प्रखंड के धरनीपट्टी पूर्वी पंचायत अंतर्गत रसलपुर गांव की बेटी ज्योति सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के बल पर परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित अमेरिकी बहुराष्ट्रीय वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टैनली में चयनित होकर उन्होंने अपने कैरियर को नई ऊंचाई प्रदान की है। ज्योति सिंह एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता महेश प्रसाद सिंह किसान हैं। वे पूर्व में सहारा परिवार में सेक्टर कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थे, लेकिन बाद में नौकरी छोड़कर गांव लौट आए और खेती-किसानी से जुड़ गए। माता कृष्णा सिंह गृहिणी हैं। ज्योति सिंह अपने तीन बहनों और एक भाई में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने ग्वालियर स्थित माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान से बी.टेक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विषय में स्नातकोत्तर प्रौद्योगिकी उपाधि (एम.टेक) की पढ़ाई इसी वर्ष पूर्ण की। उच्च तकनीकी शिक्षा और निरंतर परिश्रम के बल पर उन्हें मॉर्गन स्टैनली जैसी विश्वस्तरीय कंपनी में अवसर प्राप्त हुआ है।गौरतलब है कि मॉर्गन स्टैनली विश्व की अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक है, जिसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है। यह कंपनी निवेश बैंकिंग, वित्तीय परामर्श तथा संपत्ति प्रबंधन सहित विभिन्न वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है।ज्योति की इस उपलब्धि पर मोहिउद्दीननगर विधायक राजेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अजय कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार चौहान, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह तथा मुखिया अमरेंद्र कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## रामगढ़वा पुलिस की कार्रवाईः हत्या के प्रयास में दो, शराब सेवन के आरोप में तीन गिरफ्तार

बीएनएम@ रामगढ़वा




रामगढ़वा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और शराब सेवन के अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना कांड संख्या 333/26 में हत्या के प्रयास के नामजद अभियुक्त चंदन सिंह (25), पिता बच्चा सिंह तथा थाना कांड संख्या 334/26 के अभियुक्त मुन्ना सिंह (35), पिता श्रीनारायण सिंह, दोनों निवासी डुमरी को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा थाना कांड संख्या 335/26 के तहत शराब सेवन के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में मोहित राम (25), पिता जालिम राम, राजकिशोर राम (36), पिता रामचंद्र राम तथा जितेंद्र राम (32), पिता स्वर्गीय लालबाबू राम शामिल हैं। तीनों सिंगासनी गांव के निवासी हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# डिजिटल आत्म-पीड़न

सृष्टि के प्रारंभ में विधाता ने मनुष्य बनाया था, लेकिन इस डिजिटल कलयुग में मार्क जुकरबर्ग ने 'फेसबुकिया मनुष्य' का मुखपोथी आविष्कार कर दिया। इसके साथ ही अवतरित हुआ एक नया वैश्विक संताप , 'डिजिटल आत्म-पीड़न'। इस नए युग का मूल मंत्र बेहद अनूठा है, जहाँ लोग दूसरों की खुशियों की रंगीनियों से इस तरह आहत हो रहे हैं मानो किसी ने उनके अपने ही घर की बिजली काट दी हो। आहत होने का फैशन है, आस्था पर तो प्रहार , मानहानि के मुकदमों की भरमार है। स्थिति यह है कि जिनकी रचनात्मक क्षमता सीमित है वे केवल अपनी खुद की फेसबुक दीवार पर 'फ्लाइंग फ्रॉम अमुक जगह टू तमुक जगह' के गूगल मैप का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हैं, तो कई परम ज्ञानियों के सीने पर सीधे हवाई जहाज लैंड कर जाता है। वे भूल जाते हैं कि पोस्ट करने वाले का मकसद किसी को नीचा दिखाना नहीं, बल्कि अपनी यादों के डिजिटल शोरूम में स्वयं की विविधता को बतौर डिजिटल डायरी समेटना है । ताकि भविष्य में जब वे कोई यात्रा-संस्मरण या ट्रैवलॉग लिखें, तो संदर्भ सुरक्षित रहें। वे किसी को टैग भी नहीं कर रहे होते, फिर भी ईर्ष्या की भट्टी में खुद को झोंकने वाले स्वैच्छिक रूप से कुढ़ने का असीम सुख ढूंढ ही लेते हैं। यदि कोई यह नहीं भी लिखेगा कि वह कहां से क्या लिख रहा है तो उससे आपकी सेहत बनने या बिगड़ने वाली नहीं होती । लोगों की खुशियों में शामिल होना ही वैश्विकता है। विश्व कप फुटबॉल के लम्हे तो जीने वाले जीते ही रहेंगे, लाइव स्टेडियम में बैठकर , ऐसे लोग मैच देखें या न देखें। लोग तो अपनी थाली के भोजन से लेकर अपने रहन-सहन का कैनवास वैश्विक कर रहे हैं, जिससे अगर चश्मा बदलकर देखा जाए तो बहुत कुछ सीखा जा सकता है, मगर यहाँ तो समस्या यह है कि सामने वाले की थाली का पनीर आँखों में कंकड़ की तरह चुभ रहा होता है। ये वे ही कुंठित मनोवृत्ति के लोग होते हैं, जो महिलाओं पर व्यक्ति परक कविताएं लिखकर उनकी चरण वंदना करने के दैवीय सुख पाने की चेष्टा में फैसबुक का इस्तेमाल करने से नहीं चूकते या सुंदर महिलाओं की फोटो देख, अपने सफेद बालों की परवाह किए बिना,उनके इनबॉक्स में अनाधिकार मैसेज कर उनकी निजता में दखल के लिए फटकारे जाने में गर्व की अनुभूति करते हैं। इस आत्म-पीड़न का सबसे मजेदार पहलू यह है कि फेसबुक ने इस भारी कष्ट से मुक्ति के लिए 'अनफ्रेंड', 'अनफॉलो' और 'ब्लॉक' जैसे परम दिव्य और सहज ब्रह्मास्त्र मुफ्त में दे रखे हैं। छुओ और मुक्त हो जाओ! पर नहीं, रील भी पूरी देखनी है, पोस्ट पर खोजी नजर भी गड़ाए रखनी है और फिर कढ़ाई के तेल की तरह खौलना भी पूरा है। दुनिया में अरबों लोग रोज न जाने क्या-क्या अद्भुत कर रहे हैं, अब अगर तुम्हारी मुख-पोथी का कोई परिचित भी अपने बल पर या अपने बच्चों के बल से जिंदगी थोड़ी शिद्दत से जी रहा है, तो उससे कलेजा सुलगाने का क्या तुक? इस कूपमंडूकता का एक और नया और डरावना रूप तब देखने को मिलता है जब बात 'ए.आई.' यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रचनात्मक प्रयोग पर आती है। तकनीक के नाम पर केवल व्हाट्सएप फॉरवर्ड और गुड मॉर्निंग इमेज भेजने वाली जमात उन रचनाकारों से घोर ईर्ष्या कर रही है जो ए.आई. का गुणवत्तापूर्ण उपयोग कर समकालीन लेखन और कला को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। समय के साथ नवाचार को अपनाना ही हमेशा से प्रगति का पैमाना रहा है, वरना रूढ़िवादी सोच के साथ तो हम आज भी 'ताड़-पत्र' और 'मोरपंख' लेकर स्याही सुखा रहे होते। (विवेक रंजन श्रीवास्तव)

# भारतीय पीएम की इंडो- पैसिफिक यात्रा 6-11 जुलाई 2025

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

भारत की एक्ट ईस्ट नीति का नया अध्याय और हिंद- प्रशांत में उभरती वैश्विक शक्ति की रणनीति

भारत की इस इंडो-पैसिफिक यात्रा को अनेक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ 2026 की सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहलों में से एक मान रहे हैं

21वीं सदी की वैश्विक कूटनीति में भारत का उभरता रणनीतिक नेतृत्व- इंडो- पैसिफिक यात्रा को एक्ट ईस्ट नीति के एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है

वैश्विक स्तरपर भारतीय पीएम की 6 से 11 जुलाई 2026 तक की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की छह दिवसीय यात्रा जिसपर भारत से पूरे विश्व की नज़रें लगी हुई है,केवल तीन देशों काराजनयिक दौरा नहीं है, बल्कि यह भारत की लगभग एक दशक से अधिक समय से विकसित हो रही एक्ट ईस्ट नीति का सबसे परिपक्व और व्यापक स्वरूप है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्रविश्व राजनीति, वैश्विक अर्थव्यवस्था,समुद्री व्यापार, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और सामरिक संतुलन का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है, विश्व की लगभग आधी आबादी, वैश्विक जीडीपी का बड़ा हिस्सा और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार काअधिकांश भाग इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। ऐसे में मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि भारत का इस क्षेत्र में सक्रिय,संतुलित और बहु आयामी नेतृत्व केवल उसकी विदेश नीति का विस्तार नहीं बल्कि उसकी वैश्विक भूमिका का पुनर्परिभाषण भी है। यही कारण है कि इस यात्रा को एक्ट ईस्ट नीति के एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है।यह यात्रा केवल एक नियमित विदेश दौरा नहीं है, बल्कि यह उस बदलती वैश्विक व्यवस्था का प्रतीक है जिसमें भारत स्वयं को हिंद-प्रशांत (इंडो-पैसिफिक) क्षेत्र के एक उत्तरदायी, विश्वसनीय और निर्णायक साझेदार के रूप में स्थापित कर रहा है।जिसपर भारत से पूरे विश्व की नजरें लगी हुई है इस यात्रा का उद्देश्य भारत की एक्ट ईस्ट नीति, मुक्त, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक,समुद्री सुरक्षाव्यापार प्रौद्योगिकी, रक्षा सहयोग, महत्वपूर्ण खनिजों, आपूर्ति श्रृंखला और लोगों के बीच संबंधों को नई गति देना है। इस दौरान तीनों देशों के शीर्ष नेतृत्व से द्विपक्षीय वार्ता, व्यापारिक समुदाय से संवाद और भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संपर्क कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

साथियों, आज विश्व की भू-राजनीति का केंद्र तेजी से हिंद -प्रशांत क्षेत्र की ओर स्थानांतरित हो रहा है। वैश्विक समुद्री व्यापार का बड़ा भाग इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है, जबकि ऊर्जा आपूर्ति,डिजिटल कनेक्टिविटी और वैश्विक उत्पादन नेटवर्क भी इसी क्षेत्र पर निर्भर हैं। ऐसे समय में भारत का उद्देश्य केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना नहीं है,बल्कि एक ऐसी व्यवस्था को मजबूत करना भी है जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून,नौवहन की स्वतंत्रता और सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान बना रहे। यही कारण है कि इस यात्रा को अनेक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ 2026 की सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहलों में से एक मान रहे हैं।भारत की एक्ट ईस्ट नीति अब केवल दक्षिण- पूर्व एशिया के साथ सांस्कृतिक संबंधों तक सीमित नहीं रही। यह आर्थिक,सामरिक,तकनीकी और समुद्री साझेदारी का व्यापक ढांचा बन चुकी है। इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड इस रणनीति के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। साथियों, इंडोनेशिया विश्व का सबसे बड़ा मुस्लिम-बहुल लोकतंत्र है और मलक्का जलडमरूमध्य के निकट उसकी रणनीतिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है।ऑस्ट्रेलिया महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा सहयोग और हिंद-प्रशांत सुरक्षा का प्रमुख भागीदार है, जबकि न्यूज़ीलैंड के साथ व्यापार, कृषि, शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग की व्यापक संभावनाएँ हैं।इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक आयाम चीन के बढ़ते प्रभाव की पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।

भारत ने कहीं भी प्रत्यक्ष टकराव की नीति नहीं अपनाई है,लेकिन वह नियम- आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संतुलित शक्ति संरचना का समर्थन करता है। दक्षिण चीन सागर, समुद्री मार्गों और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रश्नों पर भारत समान विचार वाले देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। कई विश्लेषकों का मानना है कि यह यात्रा किसी सैन्य गठबंधन का संदेश नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, संतुलन और साझेदारी का संकेत है।भारत और इंडोनेशिया के संबंध इस यात्रा में विशेष महत्व रखते हैं। दोनों देश हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले समुद्री क्षेत्र में स्थित हैं। रक्षा सहयोग,समुद्री निगरानी, डिजिटल साझेदारी, बंदरगाह विकास और संभावित रक्षा निर्यात जैसे विषय एजेंडे में शामिल हैं। विशेष रूप से ब्रह्मोस मिसाइल और समुद्री सुरक्षा सहयोग पर चर्चा अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक समुदाय की निगाहों में है। साथियों, ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंध पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व गति से मजबूत हुए हैं। आज दोनों देश केवल लोकतांत्रिक साझेदार नहीं बल्कि महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी भी हैं।रक्षा अभ्यास, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा, विज्ञान तथा महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति इस संबंध के प्रमुख आधार बन चुके हैं।विशेष रूप से लिथियम, कोबाल्ट और अन्य महत्वपूर्ण खनिज भारत के ऊर्जा संक्रमण और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।विश्व अर्थव्यवस्था आज आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के दौर से गुजर रही है। महामारी, भू- राजनीतिक तनाव और क्षेत्रीय संघर्षों ने देशों को विश्वसनीय साझेदार खोजने के लिए प्रेरित किया है। भारत इस अवसर को विश्वसनीय विनिर्माण केंद्र के रूप में बदलना चाहता है। यदि इस यात्रा के दौरान व्यापार, निवेश, लॉजिस्टिक्स और महत्वपूर्ण खनिजों पर नए समझौते आगे बढ़ते हैं तो इसका प्रभाव भारतीय उद्योग,रोजगार और निर्यात पर भी सटीकता से दिखाई दे सकता है। साथियों, न्यूज़ीलैंड यात्रा का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि कई दशकों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह महत्वपूर्ण राजकीय यात्रा मानी जा रही है। कृषि अनुसंधान, डेयरी प्रौद्योगिकी,खाद्य प्रसंस्करण शिक्षा, पर्यटन और मुक्त व्यापार जैसे क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाएँ खुल सकती हैं। दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों के संबंध और भारतीय समुदाय भी इस साझेदारी की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। भारत की समुद्री नीति अब केवल तटीय सुरक्षा तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर में मानवीय सहायता, आपदा राहत,समुद्री डकैती विरोधी अभियान,समुद्री पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित समुद्री व्यापार मार्ग भारत की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इसी संदर्भ में भारत का मुक्त, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण विश्व समुदाय के लिए भी सटीकता से महत्वपूर्ण बन गया है।

साथियों, इस यात्रा में व्यापारिक समुदाय के साथ होने वाली बैठकों का भी विशेष महत्व है। भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। डिजिटल भुगतान, स्टार्टअप, हरित ऊर्जा, रक्षा विनिर्माण और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करने की भारत की क्षमता लगातार बढ़ रही है। यदि इन क्षेत्रों में नई साझेदारियाँ बनती हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था और दीर्घकालिक निवेश वातावरण पर पड़ सकता है।भारतीय प्रवासी समुदाय इस पूरी यात्रा का एक महत्वपूर्ण आयाम है।ऑस्ट्रेलिया,न्यूज़ीलैंड और इंडोनेशिया में बसेभारतीय मूल के लोग शिक्षा,व्यापार, विज्ञान चिकित्सा और सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इन समुदायों के साथ संवाद भारत की सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति को और मजबूत करता हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि 21वीं सदी की विश्व व्यवस्था केवल सैन्य शक्ति से निर्धारित नहीं होगी। तकनीक, आपूर्ति श्रृंखला, समुद्री संपर्क, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु सहयोग और विश्वसनीय साझेदारियाँ भविष्य की शक्ति के वास्तविक आधार होंगे। भारत की यह यात्रा इन्हीं सभी आयामों को एक साथ जोड़ने का प्रयास है।इस पूरी यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आयाम हिंद-प्रशांत की सामरिक संरचना में भारत की बढ़ती भूमिका है। भारत लगातार यह स्पष्ट करता रहा है कि उसका उद्देश्य किसी देश के विरुद्ध सैन्य गठबंधन बनाना नहीं, बल्कि ऐसा क्षेत्रीय वातावरण तैयार करना है जहाँ सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान हो,समुद्री मार्ग सुरक्षित रहें, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन हो और छोटे-बड़े सभी देशों को समान अवसर मिलें।

यही दृष्टिकोण भारत को एक संतुलित, विश्वसनीय और जिम्मेदार शक्ति के रूप में स्थापित करता है। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि भारतीय पीएम की इंडो-पैसिफिक यात्रा को केवल तीन देशों की यात्रा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।यह भारत की उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है जिसके माध्यम से वह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संतुलन,सहयोग,आर्थिक विकास और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था का समर्थक बनकर उभरना चाहता है। यदि इस यात्रा से व्यापार, रक्षा, प्रौद्योगिकी, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और निवेश के क्षेत्रों में ठोस प्रगति होती है, तो इसका प्रभाव केवल भारत तक सीमित नहीं रहेगा,बल्कि पूरे इंडो- पैसिफिक क्षेत्र की रणनीतिक और आर्थिक संरचना पर भी दिखाई देगा। यही कारण है कि विश्व के नीति- निर्माता,रणनीतिक विशेषज्ञ, निवेशक और सामान्य नागरिक इस यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल के रूप में देख रहे हैं।

(-संकलनकर्ता लेखक - क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी)

# साणंद का सेमीकंडक्टर केंद्र, आत्मनिर्भर भारत की नई पहचान

**सौरभ वार्ष्णेय**



गुजरात के साणंद में सीजी सेमी की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) सुविधा का संचालन केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि भारत के तकनीकी भविष्य की दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक कदम है। आज जब दुनिया की अर्थव्यवस्था सेमीकंडक्टर चिप्स पर निर्भर होती जा रही है, ऐसे समय में भारत का इस क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुरक्षा, दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चार जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के साणंद में सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) सुविधा का उद्घाटन कर देश को समर्पित किया।

ओएसएटी सुविधा का कार्य चिप निर्माण के बाद उनकी असेंबली, पैकेजिंग और परीक्षण करना होता है। यह सेमीकंडक्टर उद्योग की आपूर्ति श्रृंखला का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब तक भारत इस क्षेत्र में लगभग पूरी तरह विदेशी कंपनियों और आयातित चिप्स पर निर्भर रहा है, जिससे वैश्विक संकट या आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र प्रभावित होते रहे हैं। साणंद में स्थापित यह इकाई इस निर्भरता को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

करीब 7,600 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित यह परियोजना भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में एक नई पहचान दिलाने की क्षमता रखती है। यह संयंत्र ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, 5जी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और ऊर्जा क्षेत्र के लिए चिप्स की पैकेजिंग और परीक्षण करेगा। इससे देश के इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी तथा मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया अभियानों को नई गति प्राप्त होगी। इस परियोजना का एक बड़ा लाभ रोजगार सृजन के रूप में सामने आएगा। उच्च तकनीक आधारित उद्योगों के विकास से इंजीनियरों, तकनीशियनों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। इससे देश के युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण और अनुभव प्राप्त होगा, जो भारत को केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि प्रौद्योगिकी उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में सहायक बनेगा। आने वाले वर्षों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार सृजित होने की संभावना है।

साणंद पहले ही ऑटोमोबाइल और विनिर्माण उद्योग का प्रमुख केंद्र रहा है। अब सेमीकंडक्टर उद्योग के आगमन से यह क्षेत्र भारत की सिलिकॉन वैली के रूप में विकसित हो सकता है। यहां अन्य वैश्विक कंपनियों की उपस्थिति, निवेश और अनुसंधान गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे गुजरात ही नहीं बल्कि पूरे देश की औद्योगिक क्षमता में वृद्धि होगी।

वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर उद्योग रणनीतिक महत्व रखता है। कोविड महामारी और अंतरराष्ट्रीय तनावों के दौरान दुनिया ने चिप्स की कमी के दुष्प्रभावों को देखा है। ऐसे में भारत का अपना सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी आवश्यक है। साणंद का ओएसएटी केंद्र इस दिशा में भारत के आत्मविश्वास और दूरदर्शी नीति का प्रतीक है।निस्संदेह, गुजरात के साणंद में स्थापित सीजी सेमी ओएसएटी सुविधा भारत को तकनीकी आत्मनिर्भरता, रोजगार, निर्यात वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। यह केवल एक उद्योग की शुरुआत नहीं, बल्कि विकसित भारत के उस स्वप्न की नींव है जिसमें देश विश्व की उन्नत तकनीकी शक्तियों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिखाई देगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है।)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिये बढ़िया रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको लाभ के अवसर मिलेंगे। इस राशि के जिन लोगों को रोजगार की तलाश है, उन्हें रोजगार पाने का आज सुनहरा अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत का बेहतर परिणाम मिलने से उत्साह बढेगा। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आप कुछ अनुभवी लोगों से सलाह भी ले सकते हैं।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन पल लेकर आने वाला है। आज दूसरों के साथ आपका अच्छा तालमेल बना रहेगा। पिता के सहयोग से आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आपको मेहनत का सुखद परिणाम हासिल होगा। आज आपको ऑफिस में कुछ नया करने का मौका मिलेगा, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल होंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में बॉस से आपको पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। लवमेट कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। किसी काम में आ रही रुकावटों का समाधान माता-पिता के द्वारा मिलेगा। आज आपको अपना ध्यान भटकने से बचाना चाहिए, अन्यथा कोई अवसर चूक भी सकता हैं।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज के दिन आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने काम के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। आपके अटके हुए कुछ काम आज पूरे हो जायेंगे। आप अपनी स्किलस को बढ़ाने की कोशिश करेंगे, जो फ्यूचर में आपके काम आयेगा। शाम को किसी समारोह में जाने का मौका मिलेगा जहां पर कुछ पुराने दोस्त भी मिलेंगे। आज पारिवारिक जीवन सुखद बना रहेगा।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर सबके साथ आपका तालमेल बेहतर बना रहेगा। आर्थिक रूप से आपको बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। अच्छी दिनचर्या का पालन करने से सेहत के मामले में आज आपको अच्छा महसूस होगा। लवमेट के रिश्तों में और मजबूती आएगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए लाभ देने वाला रहेगा। आज आर्थिक योजनाओं के लिये लिया गया फैसला लाभदायक होगा। आज आप परिवार वालों के साथ भगवान के दर्शन के लिए मंदिर जायेंगे, मन में भक्ति भाव बना रहेगा। किसी अनुभवी की मदद से आपका काम बनेगा। इस राशि के विवाहित आज कहीं घूमने जायेंगे। आज किसी मनचाही कंपनी में नौकरी मिलने से आपकी खुशी दोगुनी हो जायेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपके दाम्पत्य जीवन में चल रही दूरियां खत्म होगी। बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज आपको किसी काम से सरकारी दफ्तर में भागदौड़ करनी पड़ेगी, आपका काम पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे, जो आपके साथ ही आपके परिवार के लिए भी महत्वपूर्ण है। आप अपने परिवार और काम के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उन्हें किसी कस्टमर से बड़ा फायदा होगा।

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज करियर के मामले में आपको कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिये तैयार रहेंगे। बिजनेसमैन को बेहतर अपॉर्चुनिटिज़ मिलेगी।

**मकर राशि** : आज आपका दिन हर्षो-उल्लास से भरा रहने वाला है। आपको अपनों से खूब सारा प्यार मिलेगा। आप अधिक सफलता पाने के लिये अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। कुछ खास लोगों से आपकी निकटता बनी रहेगी। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर हैं, तो आपको फायदा होगा। सेहत के मामले में आप खुद को फिट महसूस करेंगे। अगर आप एक्टिंग का कोर्स कर रहे हैं, तो आपको अपनी कला दिखाने का बेहतरीन मौका मिलेगा।

**कुंभ राशि** :आज का दिन आपके लिये कुछ खास लेकर आया है। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कुछ जरुरी काम थोड़ी ही मेहनत करने से पूरे हो जायेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज लवमेट एक दुसरे को उपहार देंगे, रिश्ते में नयापन आयेगा। छात्रों को एग्जाम से रिलेटेड कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**मीन राशि** : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे। बिजनेस संबंधी किसी काम में आपको दोस्त की मदद लेनी पड़ेगी। आप किसी रिलेटिव के साथ मिलकर नये बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको थोड़ा ध्यान पूर्वक काम करना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मिठास बना रहेगा।

# बरसा आसमान का कहर: लंबे इंतज़ार के बाद मानसून ने दिखाया रौद्र रूप, देशभर में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कांतिलाल मांडोत**

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने पूरे देश में दस्तक दी तो लोगों के चेहरों पर खुशी थी। भीषण गर्मी और पानी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को उम्मीद थी कि बारिश राहत लेकर आएगी, खेतों में हरियाली लौटेगी और जलस्रोत भर जाएंगे। लेकिन इस बार मानसून ने राहत से ज्यादा आफत का रूप दिखाया। देश के अनेक राज्यों में मूसलाधार बारिश ने बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और हादसों का ऐसा सिलसिला शुरू कर दिया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया, सड़कें नदियों में बदल गईं और करोड़ों रुपये की संपत्ति पलभर में तबाह हो गई। सबसे अधिक असर महाराष्ट्र में देखने को मिला। रायगढ़ जिले के जेनिथ वॉटरफॉल पर घूमने पहुंचे करीब 100 पर्यटक अचानक पानी का स्तर बढ़ जाने से बीच में फंस गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि प्रशासन को तत्काल राहत एवं बचाव दल भेजना पड़ा। रस्सियों की सहायता से सभी पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह घटना बताती है कि मानसून के दौरान प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर थोड़ी-सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। वहीं मुंबई महानगर और उसके आसपास के इलाकों में लगातार बारिश ने शहर की रफ्तार थाम दी। वसई और नालासोपारा की सड़कें नदी में तब्दील हो गईं, जहां लगभग 20 कारें पानी में डूब गईं। कई स्थानों पर वाहन बहने लगे। मुंबई में 64 पेड़ गिरने और आठ मकानों की दीवारें ढहने की घटनाएं सामने आईं। आरे कॉलोनी में पेड़ की टहनी गिरने से बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जिसने बारिश के बीच सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए। पुणे में लगातार बारिश के कारण एक रिहायशी सोसायटी की चहारदीवारी ढह गई, जिससे पार्किंग में खड़ी सात कारें और सात मोटरसाइकिलें मलबे में दब गईं। ठाणे में पाइपलाइन फटने से सड़कें जलमग्न हो गईं। जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। रेल और सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ। महानगर की पुरानी जल निकासी व्यवस्था एक बार फिर भारी बारिश के सामने बेबस नजर आई। गुजरात में भी मानसून ने जमकर तबाही मचाई। जूनागढ़ में कई रिहायशी इलाकों में चार-चार फुट तक पानी भर गया। हालात ऐसे हो गए कि लोगों को नावों के सहारे सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। बच्चों को स्कूल जाने और लोगों को दैनिक कार्यों के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा। भावनगर में तेज बहाव में एक कार बह गई। अहमदाबाद सहित कई शहरों में सड़कें जलमग्न हो गईं और सामान्य जीवन प्रभावित हो गया। दुकानों, घरों और छोटे व्यवसायों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मात्र आधे घंटे की बारिश ने पूरे शहर की तस्वीर बदल दी। कई इलाकों में घरों के भीतर घुटनों तक पानी भर गया। टाटीबंध सहित अनेक कॉलोनियों में लोगों का घरेलू सामान खराब हो गया। बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई और लोगों को रातभर परेशानी का सामना करना पड़ा। कई परिवारों को अपने घर छोड़कर रिश्तेदारों या सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। बारिश का पानी घरों में घुसने से छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मध्य प्रदेश में भी मानसून का असर बेहद गंभीर रहा। कई जिलों में नदियां उफान पर पहुंच गईं और पुलों के ऊपर से पानी बहने लगा। श्योपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। आष्टा क्षेत्र में डूबने से दो मासूम बच्चों की जान चली गई। हरदा जिले में नदी का जलस्तर इतना बढ़ गया कि पुलों पर आवागमन रोकना पड़ा। कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट गया। उत्तर प्रदेश में कानपुर सहित कई शहरों में सड़कें जलमग्न हो गईं। घुटनों तक पानी भरने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हुई। वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों में भी लगातार बारिश के कारण प्रशासन को अलर्ट जारी करना पड़ा। हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश के चलते बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें बंद हो गईं और यातायात बाधित हो गया।

बारिश के कारण केवल जान-माल का नुकसान ही नहीं हुआ, बल्कि करोड़ों रुपये की सार्वजनिक और निजी संपत्ति भी बर्बाद हो गई। हजारों वाहन क्षतिग्रस्त हुए, मकानों की दीवारें ढह गईं, बिजली के खंभे गिर गए और पेड़ उखड़ने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। किसानों की फसलें भी जलभराव से प्रभावित हुईं। जहां कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त बारिश खेती के लिए वरदान साबित हो सकती है, वहीं अत्यधिक वर्षा खेतों में खड़ी फसलों को नष्ट कर देती है। ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अब बारिश का स्वरूप बदल रहा है। पहले जहां पूरे मौसम में संतुलित वर्षा होती थी, वहीं अब बहुत कम समय में अत्यधिक बारिश होने लगी है। शहरों में तेजी से बढ़ते कंक्रीट के जंगल, जल निकासी व्यवस्था की खामियां, नालों पर अतिक्रमण और प्राकृतिक जलमार्गों का अवरुद्ध होना स्थिति को और गंभीर बना देता है। यही कारण है कि कुछ घंटों की बारिश भी बड़े शहरों को ठप कर देती है।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी कई राज्यों के लिए भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। कई स्थानों पर रेड और ऑरेंज अलर्ट घोषित किए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से नदियों, झरनों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने तथा मौसम संबंधी आधिकारिक चेतावनियों का पालन करने की अपील की है। राहत और बचाव दल लगातार संवेदनशील इलाकों में तैनात हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# वैभव को लगातार अवसर देकर एकदिवसीय विश्वकप के लिए तैयार करें : शिवरामकृष्णन

**एजेंसी, चेन्नई**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व लेग स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लगातार अवसर देने को कहा है। शिवरामकृष्णन के अनुसार वैभव को आराम देने की जगह उसे लगातार खेलने दें। जिससे वह अलग-अलग हालातों के लिए तैयार हो सकें। जिससे वह अगले वर्ष होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए तैयार हो सकें। । शिवरामकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि जब टीम प्रबंधन ने वैभव जैसे युवा पर भरोसा जताया है, तो उन्हें पर्याप्त अवसर भी दिए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा, उसे सीमित ओवरों के क्रिकेट में लगातार अवसर मिलने चाहिए। उसे आराम देने की कोई जरुरत नहीं है। इसकी जगह उसे पूर साल खेलना चाहिए।शिवरामकृष्णन ने कहा कि वैभव अगले 20 वर्षों तक भारतीय क्रिकेट को अपनी सेवा दे सकते है। साथ ही कहा कि एक बल्लेबाज होने के नाते उसे गेंदबाजों जैसी फिटनेस प्रबंधन की जरुरत नहीं होगी। साथ ही लंबे समय तक बल्लेबाजी करने से उसकी एकाग्रता और मानसिक मजबूती भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा, एक बार जब आप ने उसे टीम में शामिल करने का फैसला कर लिया है, तो उसे पूरा अवसर भी देना चाहिए। इस समय, वैभव को मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम के बाकी खिलाड़ियों के पूरे समर्थन की जरुरत है। शिवरामकृष्णन ने सलाह दी कि यदि शुरुआती कुछ मैचों में उसका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं भी रहता है, तब भी उसे टीम में बनाये रखना चाहिये। शिवरामकृष्णन के अनुसार वैभव स्वाभाविक रूप से आक्रामक स्ट्रोक खेलने वाले बल्लेबाज हैं, और ऐसे में उनसे कुछ गलतियाँ होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि उसका सही तरीके से मार्गदर्शन किया जाए और उसे पूरा समर्थन मिले। वह ऐसा खिलाड़ी है जो कई बार जोखिम उठाएगा, लेकिन आधुनिक क्रिकेट जोखिम लेने का ही खेल है। इसलिए उसे अपनी स्वाभाविक बल्लेबाजी शैली या अपने नजरिये को बदलने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए। हालांकि उसे गेंदबाजों की रणनीति भी देखनी होगी। उन्हें परिस्थितियों के अनुसार बेहतर फैसले लेने की कला भी सीखनी होगी।इसके साथ ही कहा कि उसे केवल टी20 तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें एकदिवसीय क्रिकेट में भी मौका मिलना चाहिए।

## युवराज को पिता के बयानों के लिए माफी मांगने की जरुरत नहीं : कपिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि युवराज सिंह को अपने पिता योगराज सिंह के विवादित बयानों को लेकर माफी मांगने की कोई जरुरत नहीं है। योगराज ने कई अवसरों पर कपिल को लेकर कई आरोप लगाए थे और कहा था कि उन्हें कपिल ने ही पहले नॉर्थ जोन फिर हरियाणा और अंत में भारतीय टीम का कप्तान बनने के बाद टीम से बाहर करवाना और उनका अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त किया था। उन्होंने यहां तक कहा था कि उनके बेटे युवराज के पास कपिल से अधिक ट्राफियां हैं। पिता के इस प्रकार के बयानों के लिए युवराज ने कपिल से मांफी मांगी थी। कपिल ने युवराज की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, युवराज को माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं है। वह एक महान क्रिकेटर हैं, जिन्होंने खेल को बेहद लोकप्रिय बनाया है। रिकॉर्ड बनते-टूटते रहते हैं पर जिस में युवराज खेले, लोगों ने उन पर खूब प्यार लुटाया। कपिल ने योगराज को अपने बचपन का दोस्त बताते हुए स्वीकार किया कि उन्हें कठोर स्वभाव के लोग पसंद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिंदगी में बहुत कुछ होता है, लेकिन व्यक्ति को हमेशा आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही कहा कि योगराज के बेटे ने देश के लिए इतना अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें खुश रहना चाहिए। साथ ही कहा कि किसी व्यक्ति का स्वभाव उसकी प्रतिक्रिया से पता चलता है। उन्होंने कहा, आपको जिंदगी में सब चीजें नहीं मिलतीं पर उसके कारण किसी को भी कुछ भी कह देन ठीक नहीं है। अउकर कोई उग्र प्रतिक्रिया दे तो आप क्या करेंगे। कपिल ने योगराज को उनकी उपलब्धि याद दिलायी और कहा, कितने लोग हैं, जिन्होंने योगराज की तरह देश के लिए क्रिकेट भी खेला और अभिनय भी किया। इस तरह देखें तो उन्होंने कई लोगों से ज्यादा कुछ हासिल किया। इसके बाद भी अगर आप नाखुश हैं तो फिर कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपने बचपन की दोस्ती का जिक्र करते हुए कहा, वह मेरा बचपन का दोस्त है। हम अलग-अलग रास्तों पर चले गए, तो क्या हुआ? हमने बहुत अच्छा समय बिताया। जिंदगी बदलती रहती है। हम साथ में बड़े हुए हैं और हमने बहुत अच्छा समय बिताया है। आपको अच्छे दिन नहीं भूलने चाहिए।

## 23 जुलाई से शुरु होंगे राष्ट्रमंडल खेल, भारोत्तोलक मीराबाई चानू पर रहेंगी नजरें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की ओलंपिक पदक विजेता और स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू का ध्यान अब 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों पर है। इन खेलों में वह अपने पसंदीदा 48 किग्रा वर्ग में उतरेंगी, जहां उन्हें स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। राष्ट्रमंडल खेलों में उनका प्रदर्शन हमेशा ही बेहतरीन रहा है और वह एक बार फिर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद कर रही हैं। हाल ही में मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उन्होंने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा स्नैच और 116 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था, जो उनके फॉर्म को दर्शाता है। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद, चानू अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। एशियाई खेल उनके लिए एक नई चुनौती पेश करेंगे, क्योंकि इस टूर्नामेंट के लिए उन्हें 53 किग्रा वर्ग में उतरना होगा। इसके लिए उन्हें अपना वजन भी बढ़ाना होगा, जो किसी भी भारोत्तोलक के लिए एक महत्वपूर्ण समायोजन होता है। दिलचस्प बात यह है कि अपने शानदार करियर के बावजूद, मीराबाई चानू ने अब तक एशियाई खेलों में कोई पदक नहीं जीता है, जिससे यह उनके लिए एक विशेष प्रेरणा का स्रोत है।यह साल 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होने के कारण और भी अहम माना जा रहा है।

## प्रयागराज जोन अंतर्जनपदीय पुलिस बेडमिंटन व टेबिल टेनिस प्रतियोगिता शुरू

**एजेंसी, महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा मे मंगलवार को जिला पुलिस के तत्त्वधान मे प्रयागराज जोन की अंतर्जनपदीय बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता के भव्य शुभारंभ मे खेल भावना व अनुशासन का संदेश दिया गया. जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम मे पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह (IPS) द्वारा प्रयागराज जोन/रेंज की अंतर्जनपदीय महिला एवं पुरुष बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का फीता काटकर विधिवत एवं भव्य शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता 07 जुलाई से 09 जुलाई तक तक आयोजित होंगी । पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों के माध्यम से जहां शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, वहीं अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में खेलों का विशेष महत्व है, क्योंकि यह न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि तनावमुक्त एवं सकारात्मक कार्यसंस्कृति को भी प्रोत्साहित करते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पुरुषों को टी20 खिताब जीतने के मामले में पीछे छोड़ा

**एजेंसी, सिडनी**




ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने विश्व क्रिकेट में कई बड़े रिकार्ड अपने नाम किये हैं। यहां तक कि पुरुष टीमों को भी पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने टी20 विश्व कप में जितने खिताब जीते हैं उतने भारत, पाकिस्तान और स्वयं ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों ने मिलकर भी नहीं जीते हैं। इससे साफ है कि ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम सबसे आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रिकॉर्ड सातवीं बार टी20 खिताब जीता है। टीम कुल आठ बार फाइनल में पहुंची है और उनमें से सात बार चैंपियन बनी है। इस टूर्नामेंट के इतिहास में उन्हें सिर्फ एक बार वेस्टइंडीज के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है, जो इस बात को साबित करता है कि महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के इन सात टी20 विश्व कप खिताबों के मुकाबले, भारत, पाकिस्तान और खुद ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमें मिलकर भी इतने खिताब नहीं जीत पाई हैं। इन तीनों दिग्गज टीमों ने अब तक कुल तीन टी20 विश्व कप खिताब जीते हैं – भारत ने एक बार, पाकिस्तान ने एक बार और ऑस्ट्रेलिया ने भी एक बार। यदि इसमें श्रीलंका की पुरुष टीम को भी जोड़ लिया जाए, जिसने एक बार यह खिताब जीता है, तो भी कुल संख्या केवल चार तक ही पहुँचती है, जो ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के अकेले के सात खिताबों से काफी कम है।

# बिजनेस

## ईसीएलजीएस 5.0 के तहत अब तक 4.11 लाख से ज्यादा गारंटी दी गयी : सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**




केंद्र सरकार ने कहा कि आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) 5.0 के तहत अब तक 4.11 लाख से ज्यादा गारंटी जारी की जा चुकी हैं। इसके तहत गारंटी राशि 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गई है।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि ईसीएलजीएस 5.0 के शुरू होने के बाद से अब तक 4,11,479 गारंटी जारी की जा चुकी हैं। योजना के तहत जारी कुल राशि 1,55,229 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। ये इस बात का संकेत है कि लोन देने वाले सिस्टम में इस स्कीम को तेजी से अपनाया जा रहा है।

मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5 मई 2026 को ईसीएलजीएस 5.0 को अपनी मंजूरी दी थी। इस योजना का उद्देश्य कारोबारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और नकदी से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद करना है। यह योजना विशेष रूप से पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति से प्रभावित कारोबारों को राहत देने के लिए तैयार की गई है। इसके जरिए वित्तीय संस्थानों को अतिरिक्त कर्ज देने में मदद मिल रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के तहत एमएसएमई को दिए जाने वाले अतिरिक्त कर्ज पर 100 फीसदी और अन्य व्यापारिक क्षेत्रों के लिए 90 फीसदी तक गारंटी कवर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों को कारोबारों को कर्ज देने में आसानी हो रही है। इस योजना का सबसे ज्यादा लाभ छोटे और मध्यम उद्योगों को मिला है। जारी की गई कुल गारंटी की संख्या में से 98 फीसदी एमएसएमई क्षेत्र के लिए हैं, जबकि कुल गारंटी राशि का 82 फीसदी हिस्सा भी इसी क्षेत्र को मिला है। इस योजना की जानकारी ज्यादा से ज्यादा कारोबारों तक पहुंचाने के लिए वित्तीय सेवा विभाग की ओर से देशभर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक पहले चरण में 20 मई से 6 जून 2026 के बीच नौ स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें बैंक, उद्योग संगठन और संबंधित संस्थाओं ने भाग लिया। दूसरे चरण के तहत 10 स्थानों पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं, जिनमें से चार पूरे हो चुके हैं। इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) भारत सरकार द्वारा शुरु की गई एक आपातकालीन ऋण गारंटी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यवसायों, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और एयरलाइनों को पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों से उबरने के लिए अतिरिक्त तरलता (वर्किंग कैपिटल) प्रदान करना है। सरकार का कहना है कि ईसीएलजीएस 5.0 कारोबारों को मजबूत वित्तीय सहायता देने और छोटे उद्यमियों को चुनौतियों के समय आगे बढ़ने में मदद करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज सोना 100 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। चेन्नई में सोने के भाव में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। यहां सोना के भाव 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,530 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। चांदी की कीमत में भी आज 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,610 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

## कोचीन शिपयार्ड की बिक्री पेशकश में संस्थागत निवेशकों के हिस्से को मिला पूर्ण अभिदान

**एजेंसी, नई दिल्ली**




केंद्र सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में 5.04 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) में संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से को मंगलवार को अपेक्षा से अधिक अभिदान मिला। सीएसएल के 59.66 लाख से अधिक शेयर के आधार आकार की पेशकश के मुकाबले संस्थागत निवेशकों ने लगभग 74 लाख शेयर के लिए बोलियां लगाईं। इस तरह उनके लिए आरक्षित हिस्से को 1.23 गुना अभिदान मिला है। इसके लिए शेयर बाजार बंद होने तक बोली प्रक्रिया जारी रहेगी।

वहीं, बोलियों का सांकेतिक मूल्य 1,401.85 रुपये प्रति शेयर रहा, जबकि न्यूनतम मूल्य 1,400 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। केंद्र सरकार दो दिन की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये जहाज निर्माण कंपनी सीएसएल में 1.32 करोड़ से अधिक शेयर यानी 5.04 फीसदी तक अपनी हिस्सेदारी बेच रही है। इसमें 2.52 फीसदी शेयर बेचे जाएंगे, जबकि अधिक मांग आने की स्थिति में उतनी ही अतिरिक्त हिस्सेदारी 'ग्रीन-शू' विकल्प के तहत बेची जाएगी। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के ओएफएस के लिए निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर 5.04 फीसदी हिस्सेदारी की बिक्री से सरकारी खजाने को लगभग 1,800 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। खुदरा निवेशक 8 जुलाई को बिक्री पेशकश के लिए बोली लगा सकेंगे। वर्तमान में सीएसएल में सरकार की 67.91 फीसदी हिस्सेदारी है। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार अब तक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कोल इंडिया, एनएचपीसी, एनएलसी इंडिया, जीआईसी और आईआरएफसी में ओएफएस के जरिये हिस्सेदारी बेचकर कुल 18,561 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। वहीं, समूचे वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण के जरिये 80 हजार करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा है।

## स्टॉक मार्केट में तेजा इंजीनियरिंग की धांसू शुरुआत, पहले दिन ही लगभग डबल हुआ निवेशकों का पैसा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




ऑयल एंड गैस सेक्टर के लिए सर्विस देने वाली कंपनी तेजा इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने जबरदस्त मुनाफे के साथ एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को गदगद कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 220 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 418 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी देर में ही उछल कर 438.90 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों प्रति शेयर 218.90 रुपये यानी 99.50 प्रतिशत का फायदा हो गया। कंपनी का 37.39 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 जून से दो जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.37 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.81 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.32 गुना ही सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 16.98 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं।

## सेबी एक अगस्त से खुले बाजार के जरिये शेयर पुनर्खरीद व्यवस्था लागू करेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में शेयर की पुनर्खरीद (बायबैक) की व्यवस्था को फिर से लागू करने के नियम अधिसूचित किए हैं। कंपनियां 1 अगस्त से ओपन मार्केट में अपने शेयर वापस खरीद सकेंगी। इस प्रक्रिया की समय-सीमा 66 कार्य-दिवस तय की गई है। नए नियमों के तहत कंपनियां पुनर्खरीद के लिए अलग से 'पुनर्खरीद खिड़की' के बिना नियमित कारोबार व्यवस्था के माध्यम से पुनर्खरीद कर सकेंगी। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एक जुलाई को जारी अधिसूचना में कहा कि शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में पुनर्खरीद कंपनी की चुकता पूंजी और मुक्त भंडार के 15 फीसदी से कम होगा। इसकी गणना कंपनी के एकल और समेकित दोनों वित्तीय विवरणों के आधार पर की जाएगी।'' इस संबंध में सेबी के निदेशक मंडल ने जून में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके अलावा शेयर बाजार के जरिए खुले बाजार में पुनर्खरीद की प्रक्रिया पेशकश खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवस के भीतर पूरी करनी होगी। इससे पहले यह अवधि अधिकतम छह महीने तक हो सकती थी। सेबी ने कहा कि पुनर्खरीद की पेशकश सार्वजनिक घोषणा की तारीख से चार कार्य दिवस के भीतर खुलेगी और पेशकश खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवस के भीतर बंद होगी। सेबी ने दो पुनर्खरीद पेशकशों के बीच न्यूनतम अंतराल को पुनर्खरीद विनियमों के तहत अलग समय-सीमा बनाए रखने के बजाय कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप कर दिया है।

## स्विगी में विदेशी निवेश घटकर 50 फीसदी के नीचे आया

**एजेंसी, नई दिल्ली**




ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति और त्वरित आपूर्ति की अग्रणी कंपनी स्विगी में विदेशी निवेश घटकर कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 50 फीसदी से नीचे 49.76 फीसदी पर आ गया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि स्विगी में कुल विदेशी निवेश 6 जुलाई, 2026 तक घटकर 49.76 फीसदी रह गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू स्वामित्व बढ़कर 50.24 फीसदी हो गया है। स्विगी में हुए कुल विदेशी निवेश में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई), प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और अन्य अप्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल हैं। स्विगी की हिस्सेदारी अनुपात में आया बदलाव ऐसे समय में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जब कंपनी 'भारतीय स्वामित्व और नियंत्रण वाली फर्म' (आईओसीसी) का दर्जा हासिल करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, कंपनी ने यह साफ किया है कि सिर्फ शेयर होल्डिंग 50 फीसदी पार होने से कंपनी का मालिकाना या नियंत्रण अपने आप नहीं बदल जाता। कंपनी ने स्पष्ट किया कि विदेशी हिस्सेदारी में आई गिरावट से उसके स्वामित्व या नियंत्रण की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। स्विगी ने कहा कि इसका कंपनी की शेयर पूंजी, प्रबंधन, कारोबार संचालन, मतदान अधिकार या इक्विटी शेयरों से जुड़े अधिकारों पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। स्विगी ने नियामकीय सूचना में कहा, "इस संबंध में कोई भी महत्वपूर्ण घटनाक्रम लागू कानून के अनुरूप सार्वजनिक किया जाएगा।" आईओसीसी का दर्जा मिलने पर स्विगी की त्वरित आपूर्ति इकाई 'इंस्टामार्ट' को सीधे तौर पर स्टॉक रखने की अनुमति मिल सकती है, जिससे मार्जिन में सुधार और आपूर्ति श्रृंखला पर बेहतर नियंत्रण संभव होगा।

फिल्म

# किसी भी महिला की खूबसूरती उसके चेहरे तक सीमित नहीं होती: ईशा कोप्पिकर






बॉ बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर का कहना है कि मनोरंजन जगत में पुरुष कलाकारों की बढ़ती उम्र को अनुभव और परिपक्वता का प्रतीक माना जाता है, जबकि महिलाओं की उम्र बढ़ने को अक्सर नकारात्मक नजरिए से देखा जाता है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि इस सोच में बदलाव की जरूरत है और महिलाओं का सम्मान उनकी उम्र नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व और जीवन के अनुभवों के आधार पर होना चाहिए। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईशा कोप्पिकर ने साझा किए एक वीडियो में कहा कि फिल्मों में अक्सर बड़े उम्र के अभिनेता अपने से काफी कम उम्र की अभिनेत्रियों के साथ रोमांटिक भूमिका निभाते हैं और इसे पूरी तरह सामान्य माना जाता है। लेकिन यदि कोई महिला आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान जीती है, स्टाइलिश रहती है और खुलकर अपनी बात रखती है, तो उसे यह कहकर टोक दिया जाता है कि अब उसकी उम्र हो गई है और उसे उसी के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के साथ महिला कमजोर नहीं होती, बल्कि उसका आत्मविश्वास, अनुभव और समझ पहले से अधिक मजबूत हो जाती है। उनके अनुसार किसी महिला की खूबसूरती केवल उसके चेहरे तक सीमित नहीं होती, बल्कि उसके जीवन के अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियां भी उसकी वास्तविक पहचान होती हैं। चेहरे पर आने वाली झुर्रियां केवल उम्र का संकेत नहीं देतीं, बल्कि जीवन के लंबे सफर और संघर्षों की कहानी भी बयां करती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि हर व्यक्ति की तरह महिलाओं का भी उम्र बढ़ना स्वाभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मां, पत्नी, बहन, बेटी या किसी भी महिला की बढ़ती उम्र को अपमान या कमजोरी का विषय नहीं बनाना चाहिए। हर महिला का सम्मान उसकी ताकत, अनुभव और आत्मविश्वास के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सम्मान की कोई समाप्ति तिथि नहीं होती और आत्मविश्वास की भी कोई उम्र नहीं होती। ईशा कोप्पिकर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि दुनिया ने लंबे समय तक सुंदरता को उम्र से जोड़कर देखा है, जबकि वास्तविक सुंदरता का उम्र से कोई संबंध नहीं होता।

# फीमेल एक्टर्स को हल्के में लिया जाता है..., कृति सेनन ने फिल्म इंडस्ट्री के जेंडर बायस पर तोड़ी चुप्पी

बॉ बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म कॉकटेल 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं. फिल्म में उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है. अब इस बीच कृति अपने एक इंटरव्यू को लेकर चर्चा में आ गई हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ होने वाले जेंडर बायस पर खुलकर अपनी राय रखी है. कृति सेनन ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने साथ हुए जेंडर बायस के बारे में बात की है. उन्होंने बताया कि फीमेल एक्टर्स को अक्सर उनके मेल काउंटरपार्ट्स से अलग तरह से जज किया जाता है. कृति ने इंडस्ट्री में काम करने के स्ट्रगल के बारे में बात की और बताया कि असिस्टेंट डायरेक्टर्स अक्सर मेल स्टार्स से डरते हैं, जबकि फीमेल एक्टर्स को अक्सर हल्के में लिया जाता है. कृति ने बताया कि अगर कोई एक्ट्रेस अपने किरदार या सीन को लेकर सवाल पूछती है तो उसे जरूरत से ज्यादा सवाल करने वाली समझ लिया जाता है, जबकि यही काम कोई मेल स्टार करे तो उसकी तारीफ होती है. एक्ट्रेस ने कहा, जब कोई फीमेल एक्टर सवाल पूछती है, तो ऐसा होता है, कितने सवाल पूछती है ये, अरे 50 सवाल शुरू हो जाएंगे. मुझे लगता है कि इस तरह की बातचीत होती है. इसके उलट, जब कोई मेल स्टार सवाल पूछता है, तो उसे बहुत इन्वॉल्व्ड कहा जाता है. मेरे साथ भी ऐसा हुआ है. जब मैंने वही सवाल पूछे, तो मुझसे कहा गया, इसे ओवरएनालाइज़ मत करो. लेकिन जब ये बात उस लड़के की तरफ से आई, तो उन्होंने कहा, ठीक है, ये किया जा सकता है. कृति ने आगे कहा, कई बार ये छोटी-छोटी बातें होती हैं जैसे मेल एक्टर को कैसी कार या कमरा दिया गया और मुझे कैसा कमरा दिया गया. मेरा मतलब है कि मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता, भले ही मुझे छोटा कमरा या कार मिले, लेकिन इससे मुझे कम महसूस नहीं होता. वर्क फ्रंट की बात करें तो कृति हाल ही में फिल्म कॉकटेल 2 में नजर आई थीं. इस फिल्म में उनके साथ शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं. होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला.

# रणवीर सिंह प्रलय से तबाही लाने को तैयार, होगी उनके करियर की सबसे महंगी फिल्म



र रणवीर सिंह की पिछली रिलीज फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया। अब अभिनेता अपनी अगली परियोजना में तन और मन से जुटने के लिए तैयार हैं, जिसकी चर्चा पिछले साल से है। आने वाले दिनों में उन्हें फिल्म निर्माता जय मेहता की महत्वाकांक्षी जॉम्बी थ्रिलर फिल्म प्रलय में देखा जाएगा। इस परियोजना को एक बड़े पैमाने पर सर्वाइवल ड्रामा के रूप में तैयार किया जा रहा है। अब फिल्म से जुड़ी रोमांचक जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रलय की शूटिंग सितंबर, 2026 से शुरू कर दी जाएगी। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा ऑस्ट्रेलिया में शूट किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, रणवीर ने फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं और पूरी तरह से इसकी दुनिया को बनाने में जुटे हैं। वह 2026 की दूसरे छमाही से इस परियोजना की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म के पैमाने और शैली को देखते हुए, इसके लिए उन्हें गहन शारीरिक और भावनात्मक तैयारी की जरूरत है। सूत्र ने कहा, प्रलय में विजुअल इफेक्ट्स का भरपूर इस्तेमाल होगा। जय और उनकी टीम पटकथा, विजुअल डिटेलिंग और जॉम्बी की दुनिया पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। रणवीर भी रोजाना रचनात्मक चर्चाओं में शामिल हैं। लगभग 300 करोड़ रुपये के बजट में बन रही प्रलय को रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी एकल फिल्म बताया जा रहा है, जिसके लिए फैंस भी काफी उत्साहित हैं। कल्याणी प्रियदर्शन इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी।



# ब्यूटी क्वीन नसीम बानो स्कूल भी पालकी में जाया करती थीं


ब्यू ब्यूटी क्वीन से सुपरस्टार मां तक हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री नसीम बानो का नाम उन चुनिंदा सितारों में शामिल है जिन्होंने उस दौर में सफलता हासिल की, जब फिल्मों में महिलाओं का काम करना समाज की नजर में सम्मानजनक नहीं माना जाता था। नसीम बानो को उनके दौर की ब्यूटी क्वीन कहा जाता था। 4 जुलाई 1916 को जन्मीं नसीम बानो की खूबसूरती और अभिनय ने उन्हें शुरुआती महिला सुपरस्टारों की कतार में खड़ा कर दिया। आज उनकी पहचान सिर्फ एक सफल अभिनेत्री के रूप में ही नहीं, बल्कि दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो की मां के रूप में भी याद की जाती है। नसीम बानो का असली नाम रोशन आरा बेगम था। उनका पालन-पोषण एक प्रतिष्ठित और संपन्न परिवार में हुआ। परिवार उनकी सुंदरता को लेकर इतना सजग था कि उन्हें लोगों की नजरों से बचाकर रखा जाता था। कहा जाता है कि वह स्कूल भी पालकी में जाया करती थीं। उनकी मां चाहती थीं कि वह डॉक्टर बनें, लेकिन किस्मत ने उनके लिए फिल्मी दुनिया का रास्ता चुना। फिल्मों में आने की प्रेरणा उन्हें एक संयोग से मिली।




स्कूल की छुट्टियों के दौरान वह अपनी मां के साथ फिल्म सिल्वर किंग की शूटिंग देखने पहुंचीं। वहां फिल्म निर्माण की दुनिया ने उन्हें इतना आकर्षित किया कि उन्होंने अभिनेत्री बनने का निश्चय कर लिया। हालांकि परिवार इसके सख्त खिलाफ था। इसी दौरान प्रसिद्ध फिल्मकार सोहराब मोदी ने अपनी फिल्म हेमलेट के लिए उन्हें प्रस्ताव दिया, लेकिन उनकी मां ने पहले इसे अस्वीकार कर दिया। बताया जाता है कि नसीम बानो अपने फैसले पर इतनी अडिग रहीं कि उन्होंने भूख हड़ताल तक कर दी। आखिरकार मां इस शर्त पर तैयार हुईं कि वह केवल स्कूल की छुट्टियों में ही शूटिंग करेंगी। साल 1935 में रिलीज हुई हेमलेट ने नसीम बानो को रातोंरात लोकप्रिय बना दिया। उनकी खूबसूरती और अभिनय की जमकर सराहना हुई और इसके बाद उनके पास फिल्मों की लंबी कतार लग गई। उन्होंने पढ़ाई छोड़कर पूरी तरह अभिनय को अपना करियर बना लिया। पुकार, तलाक, मीठा जहर और चांदनी रात जैसी फिल्मों में उनके अभिनय ने उन्हें हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शामिल कर दिया। नसीम बानो ने एहसान उल हक से विवाह किया और बाद में उनकी बेटी सायरा बानो ने भी हिंदी फिल्मों में बड़ी सफलता हासिल की। बेटी के करियर और परवरिश को प्राथमिकता देने के लिए नसीम बानो ने धीरे-धीरे फिल्मों से दूरी बना ली। उन्होंने फैशन डिजाइनिंग में भी योगदान दिया और कई फिल्मों के लिए परिधान तैयार किए। देश के विभाजन के बाद उनके पति पाकिस्तान चले गए, जबकि वह अपनी बेटी के साथ भारत में रहीं।

# घर की खिड़कियों पर लगाएं ये 5 पौधे, बढ़ जाएगी सुंदरता








घ घर की खिड़कियां न केवल प्राकृतिक रोशनी को अंदर लाती हैं, बल्कि आपके घर के माहौल को भी बेहतर बनाती हैं। सही पौधों का चयन करके आप अपने घर को ताजगी और हरियाली से भरपूर बना सकते हैं। इन पौधों से न केवल आपके घर का लुक अच्छा लगेगा, बल्कि वे हवा को भी साफ करेंगे और आपको मानसिक शांति प्रदान करेंगे। आइए जानते हैं कि घर की खिड़कियों पर कौन-से 5 पौधे लगाने चाहिए। एलोवेरा एक ऐसा पौधा है, जो कम देखभाल मांगता है और इसे ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती। इसे आप अपनी रसोई की खिड़की पर रख सकते हैं। यह न केवल आपके घर की सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि इसके जेल का उपयोग त्वचा संबंधी समस्याओं के इलाज में भी किया जा सकता है। इसके अलावा एलोवेरा की ताजगी भरी खुशबू आपकी रसोई को एक नया रूप देगी। इसका जेल खान-पान में भी काम आता है। नागफनी पौधा एक ऐसा अनोखा पौधा है, जो ऑक्सीजन का उत्पादन करता है और रात के समय कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर लेता है, जिससे आपकी नींद बेहतर होती है। इसे आप अपने बेडरूम की खिड़की पर रख सकते हैं। यह पौधा न केवल देखने में अच्छा लगता है, बल्कि यह हवा से हानिकारक तत्वों को भी दूर करता है। इसके अलावा नागफनी पौधा आपके कमरे को ताजगी भरी खुशबू भी देता है। स्पाइडर पौधा एक खास प्रकार का पौधा है, जो प्रदूषक तत्वों को अवशोषित करके हवा को साफ करता है। इसे आप अपने लिविंग रूम या बालकनी की खिड़की पर रख सकते हैं। यह पौधा देखने में भी बहुत सुंदर लगता है और इसकी लंबी-लंबी पत्तियां किसी मकड़ी के जाले जैसी लगती हैं, इसलिए इसे स्पाइडर पौधा कहा जाता है। इसके अलावा स्पाइडर पौधा आपके कमरे को ताजगी भरी खुशबू भी देता है। पेस्लीया एक ऐसा पौधा है, जो कम रोशनी में भी अच्छे से बढ़ता है। इसे आप अपने काम की जगह की खिड़की पर रख सकते हैं, ताकि काम करते समय आपको एक ताजगी भरी अनुभूति मिले। यह पौधा देखने में भी बहुत आकर्षक लगता है और इसकी पत्तियां हरी-भरी होती हैं। इसके अलावा पेस्लीया पौधा हवा से हानिकारक तत्वों को दूर करता है, जिससे आपके काम की जगह का माहौल और भी बेहतर बनता है। मनी प्लांट एक ऐसा पौधा है, जिसे आप किसी भी प्रकार की खिड़की पर रख सकते हैं। इसकी लटकती हुई बेलें आपके घर को एक अलग ही रूप देती हैं। मनी प्लांट कमरे की नमी को संतुलित रखता है और हवा से हानिकारक तत्वों को दूर करता है। इसके अलावा यह देखने में भी सुंदर लगता है और इसकी देखभाल करना आसान होता है। घर की खिड़कियों पर सही पौधों का चयन घर को एक नया जीवन दे सकता है।

# वधाला का रिलीज डेट से उठा पर्दा

## निर्माताओं ने पोस्टर जारी कर बताई तारीख



का कई सुपरहिट फ़िल्मों में काम कर चुके जगपति बाबू और लया, वधला नाम की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फ़िल्म के साथ सभी को चौंकाने के लिए वापस आ रहे हैं। अकेल्ला वी कृष्णा इस फ़िल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं और फ़िल्म का काम तेज़ी से चल रहा है। फिल्म के प्रमोशन और टीज़र को हर तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। ताज़ा जानकारी के मुताबिक, मेकर्स ने फिल्म की रिलीज़ डेट तय कर ली है। यह फिल्म 17 जुलाई 2026 को रिलीज़ होगी। किशोर नायडू चिरुमामिला और थम्मारेडी भारद्वाज चरिता चित्रा बैनर के तहत इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। वधला में जगपति बाबू और लाया टीनएज बच्चों के माता-पिता के रोल में नज़र आएंगे। सीनियर एक्ट्रेस अमानी की भतीजी ऋतिका श्रीनिवास वधला से एक अहम रोल के साथ एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रही हैं। छोटा के. नायडू ने सिनेमैटोग्राफी की है, जबकि कार्तिक कोडकंडला ने म्यूज़िक दिया है। वधला की ज़्यादातर शूटिंग मध्य प्रदेश में हुई है और पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पहले ही पूरा हो चुका है। वधला जगपति बाबू और थम्मारेडी भारद्वाज के बीच एक और कोलेबोरेशन है; इससे पहले दोनों ने अंतपुरम में साथ काम किया था।

# Over 1 crore native plants to be planted in Delhi's Ridge

## Union Minister Amit Shah launches eco restoration drive

**New Delhi, Agency :** Union Home Minister Amit Shah on Tuesday launched the Eco Restoration Mega Plantation Drive in Delhi under the 'Ek Ped Maa Ke Naam' campaign and announced that over one crore native plants would be planted across the Ridge area over the next four years as part of the government's plan to transform it into the "lungs of Green Delhi."



The event also marked the launch of a mission to plant 70 lakh saplings across the national capital. Shah planted a sapling during the programme, which was attended by Delhi Chief Minister Rekha Gupta, BJP MPs Ramvir Singh Bidhuri, Kamaljeet Sehrawat and Praveen Khandelwal, along with Delhi Ministers Manjinder Singh Sirsa and Kapil Mishra. Addressing the gathering, Shah said the plantation drive formed part of a broader master plan for the capital's development.

"Today many programmes have been brought together from this single platform. The foundation stone of the high-security prison in Narela was laid, the e-inauguration of the automated vehicle testing centre was done, three newly built depots were inaugurated, 300 electric buses were launched, and most importantly, we have started the programme to rejuvenate the Ridge and make it green once again," he said.

Highlighting the environmental significance of the Ridge, Shah said the government had provided legal protection to a large part of the forest area and initiated a long-term ecological restoration plan.

"In the remaining four years of our Delhi government, we will protect 6,300 hectares of the Green Ridge forest sector by planting trees. These 6,300 hectares of Green Ridge will become Delhi's lungs and protect Delhi's environment. More than one crore native plants, over 35 lakh large tree saplings and 65 lakh other shrubs, bamboo and medicinal plants will be planted," Shah said.

He said native species such as peepal, banyan, neem, gular, arjun and jamun would be planted to restore biodiversity and improve the capital's ecological balance.

The Union Home Minister urged Delhi residents to participate in the campaign by registering on the Green Drive portal and planting trees under Prime Minister Narendra Modi's 'Ek Ped Maa Ke Naam' initiative.

## CM Rekha Gupta, Amit Shah launch eco restoration drive with mission to plant 70 lakh trees in Delhi

**New Delhi, Agency :** Delhi Chief Minister Rekha Gupta, and Union Home Minister Amit Shah on Tuesday launched a tree plantation drive in Delhi's RK Puram area, with the aim of planting 70 lakh trees in the national capital region.



"Today we are launching Eco restoration mega plantation drive 2026, this campaign is for giving back the respect to our nature, a campaign to rejuvenate greenery, where such greenery is to be rejuvenated. Our culture considers rivers as mothers. Our culture teaches us that environment should be respected," Delhi CM said during her address.

"It is a matter of happiness for us that the campaign to plant 70 lakh plants in Delhi has started today," Delhi CM announced during the drive.

Thanking Amit Shah for supporting the initiative which comes under 'ek Ped Maa ke naam' initiative, CM Gupta said that this synergy between the Delhi Government and the Centre proves that if both work together, then even the biggest challenges are possible to be overcome.

"This is a campaign to protect the environment, I would like to thank Amit Shah ji, you have always given priority to Delhi. Your marg darshan gives us the confidence that when the Centre and state work together then even bigger challenges are possible," Delhi CM said.

Earlier, Delhi CM and Amit Shah planted tree saplings at Central ridge area. The area houses the President's Bodyguard in the area.

Delhi CM Rekha Gupta and BJP MPs Ramvir Singh Bidhuri, Kamaljeet Sehrawat, Praveen Khandelwal and Delhi Ministers Manjinder Singh Sirsa and Kapil Mishra also present.

## Delhi traffic Police issues traffic advisory ahead of Guruji's birthday celebration SSN Marg, Bhatti Mines road restricted

**New Delhi, Agency :** Delhi Traffic Police has issued a traffic advisory ahead of the birthday celebrations at Guruji Ashram at Bhatti Mines area, saying that traffic movement is likely to be affected till late night of July 7.



According to the traffic advisory, officials have called commuters to avoid routes from SSN Marg (Chhattarpur Road), Bhatti Mines Road, Gadaipur Police Post area, Roads around Guruji Ashram at Bhatti Mines and use alternate routes whenever possible.

"Special traffic arrangements are in place in connection with the Guruji Birthday Celebration at Guruji Ashram, Bhatti Mines on 07.07.2026. A large number of devotees are expected to attend and traffic movement is likely to remain affected during the intervening night of 06/07.07.2026 till late night on 07.07.2026," Delhi Traffic Police posted on X.

Devotees have also been advised to reach the Ashram early in the morning.

The restrictions at Bhatti Mines roads, between Chhattarpur Road (SSN Marg), and Gurugram Road T-Point has been restricted since Midnight of July 6, with restrictions in place till July 7 midnight.

Traffic police has said that any heavy vehicles coming from Mandi-Dera Border towards Guruji Ashram Complex will not be allowed to take the right turn at Gadaipur Police Post.

## President Droupadi Murmu Flags Off Trophies Of Durand Cup Tournament 2026 In New Delhi

*President Droupadi Murmu unveiled and flagged off the trophies for the Durand Cup 2026 in New Delhi*

**New Delhi, Agency :** Addressing the gathering, the President said that new teams will compete this year for the Durand Cup, the President's Cup and the Shimla Trophy. Expressing happiness over the participation of a Sri Lankan team in this year's tournament, she said the inclusion of new teams would make the historic competition even more popular.



President Murmu extended her best wishes to all the teams and players participating in the tournament. She urged them to uphold the true spirit of sportsmanship and further enhance the prestige of the historic competition through their best performances. The President also expressed happiness that, in addition to Kolkata, Guwahati, Imphal and Shillong, this year's Durand Cup will also be hosted in Ranchi.

Highlighting the unifying power of football, President Murmu said the sport has the unique ability to bring people together. She noted that the values of sportsmanship extend far beyond the playing field by promoting discipline, determination and team spirit. She said India still has a long way to go to emerge as a leading force in football and called upon everyone to contribute to this journey.

## Delhi HC orders restoration of Cockroach Janta Party's X Account, notes Centre's concern no longer survives after NEET

**New Delhi, Agency :** The Delhi High Court on Tuesday directed restoration of the X (formerly Twitter) account of the Cockroach Janta Party (CJP), noting that the primary concern cited by the Union Government for blocking the account no longer survived as the NEET examination had concluded.

Justice Swarana Kanta Sharma allowed the petition filed by Abhijeet Dipke challenging the blocking of the party's X account and ordered that the account be unblocked.

The Court observed that the Centre's principal apprehension, which had formed the basis of the blocking action, was linked to the conduct of the NEET examination. Since the examination was now over, the Court held that the concern was no longer relevant and directed the restoration of the account.

Dipke had approached the High Court challenging the blocking of the Cockroach Janta Party's X account and sought its immediate restoration.

The order comes after the matter was earlier heard by Justice Purushaindra Kumar Kaurav, who had declined to grant interim relief and had directed the statutory Review Committee under the Information Technology (Procedure and Safeguards for Blocking for Access of Information by Public) Rules, 2009, to examine the petitioner's grievances while calling for the Centre's response.

At the earlier hearing, Senior Advocate Akhil Sibal, appearing for Dipke, had argued that even if certain posts were found objectionable, those posts could remain blocked while the account itself should be restored. He had also sought production of the blocking order and submitted that courts had adopted similar approaches in earlier cases involving social media accounts.

The Union Government had opposed the plea, citing concerns arising from the account's activities.Allowing the petition, Justice Swarana Kanta Sharma held that the primary concern relied upon by the Centre had ceased to exist after completion of the NEET examination and accordingly directed that the Cockroach Janta Party's X account be unblocked.

## Office Of Principal Controller Of Communication Accounts Delhi

**New Delhi, Agency :** Office of Principal Controller of Communication Accounts, Delhi, will hold a Pension Adalat on 6th of next month in New Delhi for the resolution of grievances of the pensioners. The pensioners include the Department of Telecommunications, Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) and Mahanagar Telephone Nigam Limited (MTNL) units of Delhi circle, whose pension cases relate to issue of PPO, maintenance of service books, disbursement of pension, etc. The Ministry noted that matters related to court cases will not be entertained in the Pension Adalat and only registered grievances will be entertained. For settlement of grievances, pensioners may register before the 20th of this month through e-mail at cca.dl-dot[at]nic[dot]in and by calling at toll-free number 1 8 0 0 1 1 8 1 1 9 and via post at the postal address at Sanchar Lekha Bhawan.

## Delhi govt, NDMC to plant 70 lakh trees in response to PM Modi's appeal: Minister Parvesh Sahib Singh

**New Delhi, Agency :** Delhi Minister Parvesh Sahib Singh on Tuesday participated in a plantation drive at Children's Park, India Gate, as part of a citywide campaign to plant 70 lakh trees. Speaking at the event, Singh said the initiative was launched in response to Prime Minister Narendra Modi's appeal to plant 'Ek Ped Maa Ke Naam'.



"The Prime Minister had appealed to the entire nation to plant 'one tree in the name of one's mother.' Responding to this appeal, both the Delhi Government and the NDMC are launching a campaign today to plant 70 lakh trees across Delhi," Singh said.

"Our Home Minister will personally plant trees at three locations today," he added.Shah will inaugurate the 'Mission 70 Lakh Tree Plantation Campaign', the Delhi government's ambitious campaign to plant 70 lakh trees. The plantation drive will be carried out with support from the New Delhi Municipal Council (NDMC). During the event, he will also inaugurate and lay the foundation stone for several development projects undertaken by the Delhi government. Union Home Minister Amit Shah also took part in the drive and planted a sapling on the premises that house the President's Bodyguard in the Central Ridge area on Tuesday.

Union Minister Bhupender Yadav, Delhi Chief Minister Rekha Gupta, MPs Yogender Chandolia and Manoj Tiwari, and Delhi Ministers Manjinder Singh Sirsa and Parvesh Singh were also present at the event.

## Delhi-NCR records highest-ever quarterly flex office space take-up, capturing 45 in Q2 2026 CBRE

**New Delhi, Agency :** Delhi-NCR recorded its highest-ever quarterly flexible office space take-up in the second quarter of 2026 (April-June), with flexible space operators accounting for 45 per cent of the region's total leasing of approximately 3.6 million square feet (msf). The data in the latest CBRE report titled 'India Office Figures' for Q2 2026 showcased a strong shift toward adaptable workspace options in the commercial real estate market.



Other sectors also drove commercial demand in NCR during the April-June period. Research, consulting, and analytics firms accounted for 17 per cent of the leasing volume, while technology enterprises secured a 12 per cent share. This surge occurred alongside the introduction of roughly 2.0 msf of fresh office supply to the regional market.

The performance of Delhi-NCR mirrors a broader national expansion. Flexible space operators emerged as the primary occupier segment across India, capturing a 27 per cent share of the office sector. Together with technology and banking, financial services, and insurance (BFSI) firms, these operators drove nearly 63 per cent of the country's second-quarter leasing and 58 per cent of leasing for the first half of the year.

## UAE Visa on Arrival Policy for Indians Changed

**New Delhi, Agency :** Planning a trip to Dubai, or anywhere else in the UAE? There's a big update you don't want to miss. The UAE visa on arrival policy for Indians has been modified under the new UAE visa changes 2026, impacting travellers who previously used a UK visa or UK residence permit to enter the country.




Latest UAE visa on arrival news states that Indian passport holders with UK visa or UK residence permit will no longer be eligible to avail UAE's visa-on-arrival facility. Thousands of Indian tourists, business travellers and frequent visitors who have enjoyed easy access to the United Arab Emirates till now, are likely to be affected by the change.

If you are not sure about your eligibility then it is best to apply for Dubai Tourist Visa before departure to avoid any last-minute travel disruptions.

What Changed in the UAE Visa on Arrival Policy for Indians?

The most significant UAE visa rule changes for Indians in 2026 are for travelers who have previously entered the UAE on a valid UK visa or UK residence permit.

Earlier, holders of Indian passports were entitled to a visa on arrival if they held valid visas, residence permits or Green Cards issued by countries that are on the UAE's approved list. However, under the new United Arab Emirates visa rules, UK issued visas and residence permits are no longer accepted for visa on arrival purposes.